ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 27 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-281 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

जी5 ने की मनोज बाजपेयी की फिल्म ... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर अमर वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अदम्य साहस, शौर्य और वीरता के प्रतीक कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के अमर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शत-शत नमन। कारगिल युद्ध के नायकों-पराक्रमियों को शत-शत नमन है, जिन्होंने देश की खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

### लौह अयस्क खनन मामले में राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में नहीं दिया जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सारंडा के जंगल में आयरन ओर (लौह अयस्क) के खनन एवं उसके ट्रांसपोर्टेशन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए विधायक सरयू राय की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा गया था कि उसे निष्पादित करने की क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है लेकिन इस पर बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकार का कोई शपथ पत्र नहीं आया। सरकार की ओर से समय की मांग की गई, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह सितंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

### घर-परिसर में पेड़ लगाओ, बिजली बिल में छूट पाओ योजना लागू

**रांची।** झारखंड में पेड़ लगाओ, बिजली बिल में छूट पाओ की योजना को धरातल पर उतरने का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड कैबिनेट ने मंगलवार को इस योजना पर मंजूरी की मुहर लगा दी। इसका लाभ केवल राज्य के शहरी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा। सदन रहे कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक साल पहले वन महोत्सव के दौरान घोषणा की थी कि शहरी क्षेत्रों में जो लोग अपने आवासीय परिसर में पेड़ लगाएंगे उन्हें प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली पर सब्सिडी दी जाएगी। कैबिनेट से इस योजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 से लागू करने की स्वीकृति दी है। यह लाभ अधिकतम पांच पेड़ के लिए मिलेगा। यानी एक उपभोक्ता को अधिकतम 25 यूनिट बिजली पर सब्सिडी मिलेगी। यह लाभ सिर्फ निजी आवासीय परिसर में फलदार और बड़े छायादार वृक्ष लगाने पर ही मिलेगा। जब तक कैंपस अथवा घरों के परिसर में पेड़ रहेंगे, उपभोक्ताओं को बिजली बिल में छूट का यह लाभ मिलता रहेगा। इस योजना का उद्देश्य राज्य के शहरी क्षेत्रों में हरियाली को विकसित करना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है।

## पेंशनधारकों को बैंक खाते के साथ आधार नंबर को लिंक कराना अनिवार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के जिन पेंशनधारकों ने बैंक खाते के साथ आधार नंबर लिंक नहीं किया है उनके लिए रांची जिला प्रशासन ने चेतावनी जारी की है। शहर अंचल अधिकारी के मुताबिक सामाजिक सुरक्षा, रांची की ओर से पेंशन धारकों के संबंध में लेटर (पत्रांक 284,26-5-23) जारी किया गया है। सभी वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन लाभुक का आधार संख्या और मोबाइल नंबर एन एस एपी-पोर्टल पर दर्ज किया जाना अनिवार्य है। इसके आलोक में बिना आधार के खाता में पेंशन पा रहे लाभुकों का आधार एवं मोबाइल संख्या दर्ज करने का काम शहर अंचल के अन्तर्गत किया जा रहा है। ऐसे में सभी लाभुक अपने पेंशन में आधार संख्या एवं मोबाइल संख्या दर्ज कराएं। इसके लिए अंचल कार्यालय में आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल संख्या जमा करना सुनिश्चित करें। इससे एनएसएपी पोर्टल की प्रक्रिया की जा सकेगी। आवेदन प्राप्त नहीं होने पर लीगल एक्शन लिया जाएगा। जिला प्रशासन के मुताबिक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के लाभुक आधार संख्या और मोबाइल संख्या के साथ आवेदन करेंगे। इसके अलावा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना के लाभुक भी हर हाल में आवेदन करेंगे।

## पलामू में स्कूल भवन की राशि गबन के आरोपी सात हेडमास्टर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सरकारी स्कूल के भवन की राशि गबन करने वाले सात प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सभी पर सरकारी स्कूल की राशि का बंदरबांट करने और गबन करने का आरोप लगा था। पूरा मामला पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र का है। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी करते हुए न्यू प्राइमरी स्कूल राय बार के प्रिंसिपल सह सचिव अवध बिहारी सिंह, न्यू प्राइमरी स्कूल अंता खुर्द के प्रिंसिपल सर सचिव सूर्यमल प्रसाद, न्यू प्राइमरी स्कूल बेलवाछड़ी के प्रिंसिपल शंभू सिंह और अशोक सिंह, न्यू प्राइमरी स्कूल बालाघाट के प्रिंसिपल कन्हाई सिंह एवं स्कूल के अध्यक्ष राजू सिंह, उत्क्रमित




मध्य विद्यालय माड़ादाग के प्रिंसिपल कन्हाई सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौखड़ा के प्रिंसिपल रूप नारायण यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।दरअसल वित्तीय वर्ष 2016-17 में पलामू में एक साथ कई स्कूल भवनों का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। स्कूल भवनों के निर्माण कार्य के लिए प्रिंसिपल सह समिति के अध्यक्ष को लाखों रुपए एडवांस दिए गए थे। पैसे मिलने के बावजूद कई स्कूल के भवनों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था। प्रशासनिक जांच में इस बात का खुलासा हुआ था कि अकेले नौडीहा बाजार प्रखंड में 28 स्कूल के भवनों का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है।पूरे मामले में शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए 28 स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस की जांच में कई प्रिंसिपल मामले में दोषी पाए गए थे। जबकि कई के खिलाफ सबूत नहीं मिले थे। सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 409, 420 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है और बाकी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### पलामू में डीसी के बाद एसपी भी बदले

## रिष्मा रमेशन बनीं पलामू की एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में डीसी के बाद आज एसपी का भी तबादला हो गया है। इस बाबत राज्य सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार आईपीएस रिष्मा रमेशन को पलामू का एसपी बनाया गया है। इसके पहले श्रीमती रमेशन धनबाद ग्रामीण एसपी के पद पर कार्यरत थी। श्रीमती रमेशन मूल रूप से केरल की रहने वाली हैं। वह काफी तेज तर्रार आईपीएस आधिकारी के रूप में जानी जाती हैं। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने बुधवार को सात जिलों के एसपी का तबादला कर दिया है। उनके स्थान पर नए एसपी को जिम्मेदारी मिली है। इन जिलों में साहिबगंज, बोकारो, देवघर,



पलामू, गिरिडीह, सरायकेला-खरसांवा व दुमका शामिल हैं। इनमें गिरिडीह, सरायकेला-खरसांवा व दुमका जिले में जिन्हें एसपी बनाया गया है, वे हाल ही में डीएसपी से आइपीएस में प्रोन्नत हुए हैं और कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने उन्हें आइपीएस का बैज पहनाया है।

# अब राजभवन को सिर्फ हिंदी में भेजे जाएंगे विधेयक : विस अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय और सर्वदलीय बैठक हुई। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि 28 जुलाई से चार अगस्त तक मानसून सत्र सुचारू रूप से चले और सभी सदस्य सदन के सफल संचालन में मदद करें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधेयकों में त्रुटि होने और उसके वापस होने के कई मामले आए हैं और अब विधानसभा ने यह फैसला लिया है कि जिस भाषा में विधेयक विधानसभा में पास होगा, उसी भाषा में वो विधेयक राजभवन भेजा जाएगा। विधानसभा में विधेयक हिंदी में पास होता है। यदि किसी विधेयक के अनुवाद करने की आवश्यकता पड़े, तो राजभवन इसके लिए सक्षम है। स्पीकर ने कहा कि पिछले दिनों तीन दिन के कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आईएएस और झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया, इसका फायदा भी इस सत्र में मिलेगा। विधायिका और कार्यपालिका दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों को मिलकर काम करना है। सर्वदलीय बैठक में भाजपा विधायकों के शामिल नहीं होने के सवाल पर स्पीकर ने कहा कि यह उनका मामला नहीं है, बल्कि इसका जवाब भाजपा को देना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सदन सुचारू रूप से चले इसको लेकर तमाम विधायकों ने अपनी राय दी। भाजपा के किसी प्रतिनिधि के शामिल नहीं होने पर आलमगीर आलम ने कहा कि पिछली कई बैठकों से बीजेपी के प्रतिनिधि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### शिक्षा जगत हुआ शर्मसार, एक हफ्ते में आधा दर्जन घटनाएं

## शिक्षकों के स्कैंडल्स से हैरान है झारखंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिक्षकों के स्कैंडल्स और कारनामों से झारखंड हैरान है। पिछले एक हफ्ते में आधा दर्जन ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिसने शिक्षा जगत को शर्मसार किया है। कहीं किसी शिक्षक ने छात्रा का यौन शोषण किया, तो किसी ने अश्लील हरकत की तो किसी ने आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर दिया। कहीं किसी शिक्षक की पिटाई से छात्र की जिंदगी पर बन आई है तो कहीं कोई शराब पीकर स्कूल में उत्पात मचा रहा है। शर्मनाक कारनामे अंजाम देने वाले ऐसे चार शिक्षकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पलामू के तरहसी प्रखंड के सेलारी स्थित सरकारी हाई स्कूल में छठी क्लास के एक छात्र की स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक ने इतनी बेरहमी से पिटाई कर दी कि उसकी सीने की हड्डी टूट गई। छात्र पर एक शिक्षक की घड़ी चुराने का आरोप था। घटना बीते सोमवार की है। छात्र की तकलीफ बढ़ने और सांस लेने में परेशानी होने पर उसे पलामू स्थित मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। इसकी शिकायत मिलने पर पलामू के डीसी ए डोड्डे ने मामले की जांच और आरोपी प्रिंसिपल-शिक्षक पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। मंगलवार को बोकारो जिले के पेटरवार ब्लॉक के अंगवाली स्थित हाई स्कूल को दर्जनों छात्र-छात्राएं प्रिंसिपल और कुछ शिक्षकों द्वारा बदसलूकी, गाली-गलौज, मारपीट और शराब पीकर उत्पात करने जैसी शिकायतें लेकर बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल सिंह के आवास पहुंच गए। आठ किलोमीटर पैदल चलकर विधायक के पास पहुंचे छात्र-छात्राओं ने कहा कि विरोध करने पर उन्हें स्कूल से निकालने की धमकी दी जाती है। विधायक ने इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधीक्षक से की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों की जांच के लिए आगामी 30 जुलाई को सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव को दी स्वीकृति

## 413 लोग झारखण्ड आंदोलनकारी के रूप में अधिसूचित किये गये

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कुल 413 आंदोलनकारी को चिन्हित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। चिन्हित सभी आंदोलनकारियों को अनुमान्यता के आधार पर झारखण्ड आंदोलनकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर आंदोलकारियों को चिन्हित करने की प्रक्रिया गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी है। आने वाले दिनों में अन्य पात्र आंदोलकारियों को चिन्हित किया जाएगा। चिन्हित आंदोलनकारियों में बोकारो के 20, देवघर के 132, धनबाद के 12, गिरिडीह के 43, गोड्डा के 19, गुमला के 33, हजारीबाग के 23, कोडरमा के 13, लातेहार के 02, लोहरदगा के 29, रामगढ़ के 08, रांची के 47, साहेबगंज के 10 और सरायकेला के 22 आंदोलनकारी शामिल हैं। सरकार गठन के बाद से ही मुख्यमंत्री आंदोलनकारियों के संघर्ष को सम्मान देने के प्रति संजीदा रहें हैं। यही वजह है कि पूर्व में मुख्यमंत्री ने आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग के पुनर्गठन, आंदोलनकारी अथवा उनके आश्रितों को मासिक पेंशन और अन्य सुविधाएं देने को लेकर निर्णय लिया है। झारखण्ड/वनांचल अलग राज्य के गठन के लिए चिन्हित पांच आंदोलनकारियों के मृत्युपरांत उनके आश्रितों को लाभ देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।

### दिल्ली के आदर्श नगर में 20 महीने से बंधक है रांची की नाबालिग

**रांची।** रांची की एक लड़की दिल्ली के आदर्श नगर इलाके के एक मकान में पिछले 20 महीने से बंधक है। उसे काम दिलाने के बहाने रांची से दिल्ली ले जाया गया था। इसके बाद से ही उसकी कोई सूचना नहीं थी। लड़की ने किसी तरह अपने भाई से मोबाइल फोन पर संपर्क किया है। इसके बाद लड़की के अपहरण और ह्यूमन ट्रैफिकिंग की शिकायत पर रांची पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में एफआईआर दर्ज की गई है। रांची पुलिस की टीम लड़की को रेस्क्यू कराने के लिए दिल्ली जाएगी। एफआईआर के मुताबिक रांची के धुर्वा क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की को 6 दिसंबर 2021 को एक महिला और कुछ लोग अपने साथ दिल्ली ले गए थे।

## दो देसी कट्टा के साथ चार अपराधी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना पुलिस ने अमानत नदी साहद पुल से दो देसी कट्टा के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी किसी के साथ मारपीट करने एवं अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में योजना बना रहे थे। उनके पास से दो देसी कट्टा के अलावा 0. 315 बोर की दो गोली बरामद की गई है। थाना परिसर में लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक टूटी ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पाटन थाना क्षेत्र के बरसैता के रहने वाले चरखु यादव उर्फ जितेंद्र यादव (25 वर्ष), पिता जवाहिर यादव उर्फ डबल यादव, सूरज सिंह (19 वर्ष) पिता नर्वदेश्वर सिंह करमटोला चामा सतबरवा एवं इसी इलाके के निखिल सिंह (19 वर्ष)पिता सूर्यदेव सिंह शामिल हैं। एक आरोपी नाबालिग है, उसे बाल सुधार गृह पलामू भेजा गया। अन्य को न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

### गैंगस्टर प्रिंस खान का शूटर अफजल पलामू से गिरफ्तार

मेदिनीनगर। गैंगस्टर प्रिंस खान का शूटर अफजल अंसारी को एटीएस ने पलामू से गिरफ्तार किया है। अफजल पलामू जिले के मनातू थाना अंतर्गत रहिया गांव का निवासी है। आइजी अभियान एवी होमकर व एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि प्रिंस खान के साथ अफजल ने कई वारदातों को अंजाम दिया है। यह फरार गैंगस्टर प्रिंस खान से लगातार संपर्क में था। इसके पास से गैंग से जुड़े कई डाटा मिले हैं, जिसका सत्यापन किया जा रहा है। इस आधार पर एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड आगे की कार्रवाई करेगा।अफजल एक जून 2023 को तोपचांची के शान ए पंजाब होटल पर बमबारी व 10 जुलाई को गोविंदपुर के बिहारी लाल चौधरी शॉपिंग कॉम्पलेक्स पर गोलीबारी में शामिल था। इस घटना के बदले प्रिंस खान से 3.5 लाख रुपये एकाउंट व नकद मिलाकर लिया था। अफजल को मनातू थाना में दर्ज पोक्सो एक्ट के मामले में न्यायालय द्वारा 20 वर्षों की सजा सुनाई गयी थी। अफजल के खिलाफ धनबाद के गोविंदपुर थाना में एक, बैंकमोड़ थाना में एक और तोपचांची में दो केस दर्ज है।

# न्यायालयों में चल रहे कुछ मामलों से पड़ सकता है लोस चुनाव पर असर

**– आरएनएम**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दिन नजदीक आते जाने के साथ ही देश में सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। सभी दल अपने राजनीतिक समीकरण के अनुसार गठबंधन करने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस व उसके सहयोगी दल विपक्षी पार्टियों को लामबंद कर सामूहिक विपक्ष के रूप में चुनाव लड़ने की कोशिश में है। अभी तक 26 पार्टियों का समूह बन गये इस विपक्ष के नए गठबंधन का नाम इंडिया रखा गया है। वहीं महा बलशाली भाजपा ने भी चुनाव से पहले कमर कसते हुए कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती। इसकी अगुवाई वाली एनडीए ने अपना कुनबा बढ़ाकर 38 पार्टियों का कर लिया है। विपक्ष एक सीट एक उम्मीदवार के फॉमूर्ले पर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के प्रयास में है। लेकिन यह सब करते हुए भी सभी दलों की नजर न्यायालय में चल रहे बड़े मामलों पर है। और ये मामले ऐसे हैं जो चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की रणनीति पर बहुत बड़ा असर डाल सकते हैं।

**प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में बदलाव की मांग :** वाराणसी के ज्ञानवापी मंदिर, मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अलावा ताजमहल समेत कई धार्मिक और संरक्षित स्थलों को लेकर विवाद जारी है। प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के खिलाफ बीजेपी नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की है। स्वामी ने कहा है कि उन्होंने पूरे एक्ट को चुनौती नहीं दी है, बल्कि केवल दो मंदिरों को इसके दायरे से बाहर रखने की मांग की है। स्वामी ने अपनी याचिका पर अलग से सुनवाई अपील की है, जिस पर कोर्ट जल्द ही इस पर फैसला ले सकता है। ताजा मामला ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर है। एक तरह यहां जिला अदालत के फैसले के बाद एएसआई का सर्वे शुरू हो चुका है। फिलहाल इस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत रोक लगी हुई है। हिंदू पक्ष की मांग है कि उन्हें परिसर के भीतर श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा करने की अनुमति दी जाए। मुस्लिम पक्षों का कहना है कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट के तहत इन मामलों की सुनवाई कोर्ट में नहीं हो सकती है। इसी विवाद को लेकर अगस्त 2021 में हिन्दू पक्ष वाराणसी कोर्ट पहुंच था और ज्ञानवापी परिसर के अंदर पूजा अर्चना करने की अनुमति मांगी थी। इस फैसले का असर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में हो सकता है। बता दें कि बीजेपी ने अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद नारा दिया है कि अयोध्या तो झांकी है काशी-मथुरा बाकी है। उत्तर प्रदेश में कुल 80 लोकसभा सीट है और राजनीतिक विशेषज्ञ का मानना है कि दिल्ली का रास्ता यूपी होकर ही जाता है। बीजेपी ज्ञानवापी मुद्दे को सियासी रूप से भुनाना चाहती है। बीजेपी इस मुद्दे को हिन्दू आस्था और हिन्दू एकता से जोड़कर चुनाव में उतर सकती है।

**दिल्ली बनाम केंद्र सरकार :** दिल्ली सरकार बनाम केंद्र की शक्तियों को लेकर तकरार पिछले काफी समय से जारी है। एक लंबे कानूनी लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली राज्य सरकार को सिविल सेवकों को ट्रांसफर करने का अधिकार दिया था। इसके बाद केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अध्यादेश ले आई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस अध्यादेश के खिलाफ फिर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच इस केस पर सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में 2 सवालों के जवाब ढूंढने हैं। पहला सवाल है कि दिल्ली के लिए कानून बनाने की संसद की शक्तियों की सीमाएं क्या हैं? वहीं दूसरा सवाल यह है कि क्या संसद अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर प्रशासनिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बस की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत, बेटा गंभीर

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर स्थित नवादा चौक के समीप एक बस की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी व एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल दंपती को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा ले गई। जहां इलाज के दौरान घायल मुनिया खातून, उम्र 35 वर्ष व उसके पति मोहम्मद मंजूर, उम्र 42 वर्ष की मौत हो गई। जबकि पुत्र मोहम्मद सोहेल 8 वर्ष गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। मोहम्मद मंजूर गिरिडीह के राजधनवार थाना क्षेत्र के बलहारा गांव के रहनेवाले थे। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार दंपती अपने 8 वर्षीय बेटे सोहेल के साथ किसी जरूरी काम से बलहारा से कोडरमा की ओर जा रहे थे।

## झारखंड पुलिस की महिला बैंड शादियों में भी बजाएगी बाजा, बुकिंग की रेट लिस्ट जारी



**रांची।** झारखंड पुलिस की महिला बैंड पार्टी अब शादी-विवाह या खुशी के अन्य मौकों पर भी बुकिंग के लिए उपलब्ध होगी। इसके लिए झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप)-10 की ओर से बकायदा इश्तेहार जारी किए गया है। सनद रहे कि इस बैंड पार्टी ने इसी महीने आईटीबीपी की ओर से हरियाणा के पंचकुला में आयोजित 23वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ महिला बैंड पार्टी का खिताब जीता है। बताया गया है कि महिला पुलिस बैंड की पूरी पार्टी को बुक करने के एवज में 20 हजार रुपए की फीस चुकानी होगी। हाफ बैंड पार्टी को 10 हजार रुपए में बुक किया जा सकेगा। यह बुकिंग अधिकतम दो घंटे के लिए होगी। जैप के समादेष्टा द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक बैंड पार्टी की फीस के अलावा उनकी ट्रांसपोर्टिंग का खर्च भी बुकिंग करने वालों को चुकाना होगा। इसके लिए रांची जिले के भीतर ट्रांसपोर्टिंग शुल्क नौ सौ रुपए तय किया गया है, जबकि रांची जिले के बाहर की बुकिंग पर प्रति किलोमीटर 16 रुपए के हिसाब से ट्रांसपोर्टिंग चार्ज लिया जाएगा। इश्तेहार में साफ किया गया है कि बैंड की बुकिंग रात 10 बजे के बाद के लिए नहीं होगी। बुकिंग के लिए कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर-06512270005 और या फिर जैप की मेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### पोलपोल में याद किये गये कारगिल शहीद

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत पोलपोल के कारगिल शहीद पार्क में कारगिल दिवस के 24 वें वर्षगांठ पर शहीदों को नमन किया गया। पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले कारगिल की लड़ाई के दौरान शहीद हुए तमाम शहीदों की बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद शहीद युगबंर दीक्षित तथा हवलदार प्रबोध पाल के आदमकद प्रतिमा पर माला पहनाया गया। इस मौके पर शहीदों को नमन करने वालों में भास्कर दुबे ,संजू शुक्ला, पिंटू सोनी, विष्णु कुमार चौधरी, पोलपोल पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी, सुमित्रा देवी, ललिता देवी ,बबीता देवी ,रीमा देवी, किरण देवी,शहीद प्रबोध पाल के करीबी ओम पाल समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे। मौके पर पूर्व सैनिक पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला ने कहा कि आज शहीदों की बदौलत हम दिन रात चैन की नींद सोते हैं। भारत देश के लिए यह गौरव तथा गर्व का दिन है कि आज इन शहीदों को हम नमन कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि 2016 में कारगिल शहीद स्मारक पोलपोल में बनाया गया ।जिसका उद्घाटन पलामू के सांसद महोदय के द्वारा किया गया।शहीद स्मारक आज जर्जर अवस्था में है ,यहां पर बिजली पानी के अलावा सभी प्रकार के मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

## हाईवा की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत, दो घायल, एक रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला पथरा मुख्य पथ के हटिया गांव के समीप बुधवार को शाम चार बजे हाईवा ने बाइक सवार तीन युवकों को जबरदस्त टक्कर मार दी। जहां अतुल राम नामक ( 21) एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कुशा गांव निवासी आतीश कुमार सिंह (22) वर्ष, रंजन राम (21)वर्ष, अतुल राम (21) वर्ष एक ही बाइक पर सवार होकर जपला से वापस अपने घर कुशा जा रहे थे, इसी क्रम में तेज रफ्तार से पथरा की ओर से आ रही हाईवा ने हटिया गांव के समीप बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक पूरी तरह



क्षतिग्रस्त हो गयी। इस घटना में बाइक चालक अतुल राम की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि आतिश कुमार सिंह , रंजन राम गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना के बाद हाइवा चालक को ग्रामीणों ने पकड़कर उसे मारपीट कर अपने कब्जे में कर लिया हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, ड्यूटी में तैनात डॉक्टर विनेश राम ने प्रथमिक उपचार के बाद आतिश कुमार की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिय एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया, घटना की सुचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर चालक को अपने कब्जे में ले लिया, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जपला पथरा मुख्य पथ को जाम कर मुआवजा की मांग करने लगे, जिसके चलते सड़क के दोनों ओर से छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतार लग गई। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों ने शव को उठने नहीं दिया था।

### नहर से युवक का शव बरामद

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के चेनैनी गांव के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर से एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक युवक की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के दक्षिणी सिमरसोत गांव निवासी शिवशंकर यादव के एकलौते पुत्र 18 वर्षीय रंजन कुमार यादव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद व हैदरनगर थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दी है। पुलिस मामले की छानबीन में भी जुट गई है। मृतक युवक के पिता शिवशंकर यादव ने पुत्र की हत्या कर शव नहर में फेंक दिये जाने की आशंका जताई है। हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि मृतक रंजन कुमार यादव का वस्त्र उतरी सिमरसोत स्थित झाड़ी में मिला है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। इधर मृतक के पिता शिवशंकर यादव के अनुसार मंगलवार की दोपहर उनका पुत्र रंजन कुमार यादव सिंचाई पंप की पेंटिंग कर रहा था। इस बीच कुछ युवक उसे साथ लेकर कहीं गये थे। बुधवार की सुबह चेनैनी गांव के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर से उसका शव बरामद हुआ है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**हरिहरगंज ।** शहरी क्षेत्र के हरिहरगंज पश्चिमी पंचायत सचिवालय के समीप बुधवार को एक अज्ञात बाइक चालक ने 50 वर्षीय लक्ष्मीनिया देवी को धक्का मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयी। आसपास के लोग उसे तत्काल अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका काजी हाउस के समीप रहने वाले महेंद्र साव की पत्नी हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर भेज दिया है।

## बसपा के चुने गये नये पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बसपा के पलामू लोक सभा क्षेत्र के प्रभारी स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार सोनी एवं बसपा के वरिष्ठ नेता व प्रखर वक्ता अजय कुमार भारती को जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर बसपा के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होने बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती एवं बसपा के झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रभारी सह पूर्व मंत्री व पूर्व विपक्ष नेता उत्तर प्रदेश के गया चरण दिनकर एवं सह प्रभारी रामबाबू चिरगईयां एवं बसपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता के प्रति आभार व्यक्त किया हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली ने कहा है कि इन दोनों के ज़िम्मेवारी मिलने से पलामू लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी का झंडा और मजबूत होगा और आने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव एवं स्थानीय नगर निकाय के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करायेगी और पलामू को भाजपा मुक्त बनायेगी।

### ट्रांसफार्मर में खराबी आने से लोग परेशान

**हैदरनगर।** प्रखंड के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के भाई बिगहा स्थित मंगलवारकी रात विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने से इलाके में अधेरा व गर्मी से लोगों की बेचैनी बढ़ी है। मुस्लिम बहुल क्षेत्र में मुहर्रम पर्व को लेकर विद्दयुत आपूर्ति बाधित होने से इस पर्व में शामिल लोगों के बीच मायूसी भी है। इससे कई लघु व्यवसाय भी प्रभावित है।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

## मुहर्रम पर्व में नहीं बजेगा डीजे: थाना प्रभारी

**सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखें, किसी प्रकार से कोई भी आपत्तिजनक मैसेज करने से बचे : थाना प्रभारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार परिसर में बुधवार को मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने की। संचालन थाना प्रभारी अमन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखें, किसी प्रकार से कोई भी आपत्तिजनक मैसेज



करने से बचे और भाईचारे के साथ मिलजुल कर पूर्व की भांति इस वर्ष भी अच्छे से मोहर्रम पर्व मनाएं। मोहर्रम पर्व में डीजे बजाने पर रात 10बजे से सुबह 6बजे तक प्रतिबंध रहेगा। अफवाह से खुद बचे और दूसरों को बचाए, इसे फैलाने वाले लोगों को रोके और अखाड़ा कमिटी पूरा पूरा ध्यान रखें । जुलूस के दौरान सभी कमिटी अच्छा से मोनोटिरिंग करे। मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, थाना प्रभारी अमन कुमार जिला परिषद सुदामा पासवान, विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार, फुलवा देवी, मुखिया गौतम कुमार, अनवर अंसारी, मो फैजुल अंसारी, जन्नत हुसैन निजामुद्दीन अंसारी कलाम मियां फारूक अंसारी हुसैन अंसारी व अन्य मौजूद रहे।

**लक्षित समूह का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने पर जोर**

## आयुष्मान पखवाड़े की सफलता को लेकर बैठक सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आगामी सात अगस्त से शुरू हो रहे मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के सफल संचालन व आयुष्मान पखवाड़ा को लेकर हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ रतन कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन से सबंधित, घर घर सर्वे कर ड्यू लिस्ट एवं सर्वे रजिस्टर का पुर्ननिरीक्षण किया गया। वहीं अभियान से जुड़े कार्यों की सफलता एवं विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। वहीं इस अभियान के क्रम में लक्षित समूह क ा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। बीडीओ रतन कुमार ने बताया कि विस्तृत रणनीति के तहत मिशन इंद्रधनुष व आयुष्मान पखवाड़ा अभियान को सुनिश्चित रूप से सफलीभूत कराने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, सहिया साथियों, स्वास्थ्य कर्मियो आदि से सक्रियता की अपील की। इस मौके पर मुख्य रूप से स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, सुदामा यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया केनरा बैंक शाखा का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड में स्थित रणविजय सिंह के मकान में बुधवार को केनरा बैंक की रांची सर्किल की 69 वीं शाखा खोली गई। खुलने के साथ ही पहले दिन ही 50 से अधिक खाता खोलने का काम किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ प्रभाकर ओझा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि दो अन्य बैंकों के होते हुए भी आबादी के लिहाज से एक और बैंक की जरूरत थी। जो पूरी हो गई है। अब विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों को बैंक खाता खोलने को लेकर परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पब्लिक फ्रेंडली वर्क करने से अच्छे परिणाम निकलेंगे। उन्होंने इस बैंक को प्रतिष्ठित बताया। इसके पहले बीडीओ के अलावा रांची सर्किल के महाप्रबंधक श्रीनाथ जोशी, एजीएम मनोज कुमार, ब्रांच हेड अवनि कांत दिवाकर, मार्केटिंग हेड अरविंद कुमार, जीएम सेक्रेटरी विवेक कुमार चौधरी के अलावा रणविजय सिंह, अखिलेश सिंह, प्रेमतोष सिंह अधिवक्ता व अन्य कई लोगों ने बैंक के संस्थापक अम्मेम्बल सुब्बा राव पई की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। बताया गया कि 1906 में उन्होंने इस बैंक की स्थापना की थी। महाप्रबंधक के अनुसार रांची सर्किल के अलावा विभिन्न जगहों में इस बैंक की अबतक 10,000 शाखाएं और एटीएम कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि इस बैंक से लघु और वृहद सभी प्रकार के उद्योग के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। किसी भी शाखा की आमदनी का बड़ा हिस्सा उसी क्षेत्र में इंवेस्ट किया जाता है। भारत सरकार की सभी प्रकार के बीमा का लाभ खाताधारकों को दिया जाता है। मौके पर दीपू लाल, मुरारी पाल, महेंद्र साव सहित अन्य कई व्यावसायी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पोलपोल शहीद स्मारक पार्क में मना कारगिल विजय दिवस

**सतबरवा।** पोलपोल शहीद स्मारक पार्क में बुधवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद युगम्बर दीक्षित एवं शहीद प्रबोध महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन एवं अध्यक्षता पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज हम सभी इन शहीदों के ऋणी हैं ,जिनकी बदौलत हम सब अमन-चैन एवं शांति से रह रहे हैं। इनकी कुबार्नी भुलाई नहीं जा सकती। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की। आज का दिन भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन है। आज ही के दिन हमारे शूरवीरों ने पाकिस्तानी सैनिकों को धूल चटाई थी एवं भारतीय सैनिकों के पराक्रम का लोहा मनवाया था। हमें इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। 2016 में कारगिल शहीद स्मारक पोलपोल में बनाया गया था।

### मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

## आपसी प्रेम व भाईचारगी से मनाये मुहर्रम का पर्व : उपायुक्त

**मनचले नपेंगे , सोशल मीडिया पर रहेगी नजरः एसपी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक स्थानीय टाउन हॉल में हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी धर्म सम्प्रदाय व मजहब के लोगों ने मिलकर साम्प्रदायिक मिशाल पेश करने की परंपरा कायम की है। मुहर्रम पर्व आपसी एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार डीजे बजाने एवं सौहार्द बिगाड़ने वाले भड़काऊ गाने पर मनाही की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पर्व के अवसर पर जिले की सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों पर शांतिपूर्ण रूप से इबादत करें। उन्होंने लोगो से मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होने कहा कि पलामू जिले में त्योहारों को भाईचारगी के साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है, इसे कायम रखने में सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया में कोई आपत्तिजनक पोस्ट करता हो और वह आपके संज्ञान में आता है तो तुरंत उस पोस्ट को पुलिस से साझा करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट को फॉरवर्ड या शेयर करता पाया गया तो वैसे व्यक्तियों को चिन्हित कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सहायक समाहर्ता, तीनो एसडीओ,सभी बीडीओ,सीओ, मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सभी सदस्य सहित बडी संख्या में विभिन्न अखाड़े के सदस्य और वॉलंटियर उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०-02, गढ़वा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या-RWD/SD/GARHWA/02/2023-24_RE(2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टिफिकेसन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला अंतर्गत केतार प्रखण्ड के ग्राम सिंहपुर में पण्डा नदी (देवी धाम) के पास पुल निर्माण। | 4,93,15,500.00 | 9,86,500.00 | 10000.00 | 18 माह | RWD/SD/GARHWA/02/Gr.-3 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –28.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–28.07.2023 से दिनांक–08.08.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–28.07.2023 से दिनांक–12.08.2023 (कार्यालय अवधि तक)
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने करने का स्थान :–
1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
3. e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR.NO.303303 Rural Development(23-24):D



**कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**

पत्रांक ..............................। दिनांक ............................../

**Walk in interview**

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 660 (5) दिनांक 07.07.2023 के आलोक में चलन्त ग्राम क्लिनिक के संचालन हेतु 02 आयुश चिकित्सक तथा 02 चिकित्सा सहायक की सेवा Walk in interview के माध्यम से अनुबंध आधारित सेवा प्राप्त किया जाना है। इच्छुक चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायकों से निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्त्त |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (आयुष चिकित्सक पद के लिए) | मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से B.H.M.S./B.U.M.S./B.A.M.S. डिग्री तथा कम्पयुटर प्रयोग करने का ज्ञान। |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष |
| 3 | मानदेय (आयुष चिकित्सक पद के लिए) | रू0 21000/– प्रतिमाह। |
| 4 | पदों की संख्या | 02 (दो) |
| क्र0सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्त्त |
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (चिकित्सा सहायक पद के लिए) | मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से BSc Nursing/GNM or BSc community Health or bachelor/diploma in Pharmacy from recognized university/Institution |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 40 वर्ष। |
| 3 | मानदेय (चिकित्सा सहायक पद के लिए) | रू0 15000/– प्रतिमाह। |
| 4 | पदों की संख्या | 02 (दो) |

- चयनित चिकित्सक/चिकित्सा सहायक को भुगतेय मानदेय से नियमानुसार T.D.S की कटौती की जाएगी।
- चयनित चिकित्सक/चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
- Walk in interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- इच्छुक उम्मीदवार Walk in interview के लिए अपना Bio Data के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र एवं स्वयं अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक 02.08.2023 को 12:00 बजे अपराह्न तक (पद रिक्त रहने तक) उपस्थित होना सुनिश्चित् करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 303329 Lohardaga(23-24)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(लापता व्यक्ति निशांत कुमार, उम्र–23 वर्ष)**



मेराल थाना सनहा सं0–11/2023, दि0–20.07.2023, में लापता व्यक्ति निशांत कुमार, उम्र–23 वर्ष, पिता–नागेन्द्र राम, सा0–छपरवार कला, पो0–अटौला, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड का रहने वाला है। जो दिनांक–18.07.2023 को दोपहर समय 03:00 बजे घर से बिना बताये कही चला गया है, जो अभी तक वापस घर नहीं आया है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता व्यक्ति निशांत कुमार, उम्र–23 वर्ष, पिता–नागेन्द्र राम के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
नाम– निशांत कुमार,
उम्र– 23 वर्ष,
पिता–नागेन्द्र राम,
ग्राम–छपरवार कला,
रंग– गोरा,
लम्बाई– लगभग 5 फीट,
पहनावा– लाल रंग का चेक सर्ट,
ब्लू रंग का जिंस।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 303282 Police(23-24)#D



**कार्यालय – जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार**

बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com

**आम – सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक –4 एवं क्रमांक –5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या –21/2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर विषयवार चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का दिनांक 03.08.2023 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विषय | नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्कृत | दूर्गेश चन्द्र त्रिपाठी – 20113197949, केशव प्रसाद शंकधार – 11133125591, युगल किशोर शर्मा – 11113113305 , प्रवीण कुमार जैन – 18116181469, अंशुमन – 19113185575, मनीष कुमार मिश्रा – 19123189836, नरेश कुमार शर्मा – 22121210264 , वेदवरत पाण्डेय – 11133125700, राघवेन्द्र कुमार मिश्रा – 31113278645, पंकज कुमार पाण्डेय – 23112211745 एवं अशोक कुमार सिंह – 31112277828 | 03.08.2023 |
| 2 | शारीरिक शिक्षा | उधम कुमार सिंह – 19117187598, विजय कुमार त्रिपाठी – 13113131774, श्रवण कुमार सिंह यादव – 16132172308, मनोज यादव – 16117165643, अशोक कुमा र सैनी – 19112184664, शक्ति प्रसाद सिंह – 12115130609, दयानन्द कुमार भारती – 23115213020, महीपाल सिंह – 13121134899, सुनिल कुमार – 18111179643, प्रवीण कुमार सिंह – 24121217416, अशरफ अली – 11121118309, सुनिल कुमार पाण्डेय – 19132193919, धमेन्द्र सिंह यादव – 1 1113113392, शैलेश कुमार – 22115207410,आशुतोष कुमार पाण्डेय – 18119182976, रवि यादव – 23111211155, अभय कुमार शुक्ला – 11112112550, अनुज कुमार दूबे – 16132172186 रविन्द्र कुमार पाठक – 16137174168 एवं सुनिल कुमार – 16126169660 | 03.08.2023 |
| 3 | वाणिज्य | शिवचरण कुमार रवि – 11135126684, अशोक रविदास – 19114186213, चंचल कुमारी – 16129170953, शिशिर कुमार राम – 18113180486 | 03.08.2023 |
| 4 | हिन्दी | रजक वर्षा सुरेश – 12115130728 एवं रीता कुमारी – 24118215926 | 03.08.2023 |

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोश्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :– 1052 दिनांक :– 26.07.2023

जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 303322 Human Resource Developement(23-24)D

# मनीष तिवारी को मिला जूनियर आर्टिस्ट स्कॉलरशिप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय लहलहे गांव निवासी मनीष तिवारी को संस्कृति मंत्रालय द्वारा जूनियर आर्टिस्ट स्कॉलरशिप के लिए चयनित किया गया है। अब दो वर्ष तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा मनीष तिवारी को स्कॉलरशिप दिया जायेगा। श्री तिवारी झारखंड के पहले रंगमंच कलाकार हैं जिन्हें स्कॉलरशिप मिला है। रंगमंच के क्षेत्र में मनीष पिछले 6 सालों से लगे हुए हैं। देश के विभिन्न राज्यों में उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। मनीष ने पटना से रंगमंच में नाटक करने की शुरूआत की थी। वर्तमान में झारखंड लोक नाटक विषय से पीएचडी कर रहे हैं। उनका सपना है कि झारखंड के लोक नाटकों को विश्व पटल पर ले जाया जा सके। मनीष तिवारी ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा कला के अलग-अलग विधाओं में काम कर रहे 18 से 25 वर्ष तक के युवाओं के लिए स्कॉलरशिप दिया जाता है। इस बाबत मनीष ने बताया कि मैं भविष्य में झाखंड के लोक नाट्य और कला को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध करना चाहता हूं। मनीष तिवारी के पिता दामोदर तिवारी पलामू जिले के लहलहे गांव में छोटी सा दुकान चलाते हैं।

# नेट में सफलता पर घनश्याम को मिली बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के परिणाम घोषित किये गये। जिसमें पलामू राजकीय अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास के छात्र घनश्याम कुमार ने सफलता पाई। विगत तीन वर्षो से वे अनवरत प्रयासरत थे। सफलता मिलने पर छात्रवास के विद्यार्थियों ने बधाई दी। घनश्याम कुमार ने छात्रावास का नाम रौशन किया। वे युवा कवि भी हैं विभिन्न स्तर के मंच पर काव्यपाठ के लिए जाते हैं। वे गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से स्नातकोत्तर हिंदी से उतीर्ण है। वर्तमान समय में पंडित जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज के छात्र हैं। बधाई देने वाले में प्रयाग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ कुमार वीरेंद्र,गेणश लाल अग्रवाल के हिंदी विभाध्यक्ष डॉ मंजू सिंह छात्र नेता उदय राम , साकेत पासवान, अरबिंद कुमार , नीतीश पासवान ,प्रभात कुमार, राकेश पासवान व छत्रवास के सभी छात्रों ने बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लिलिपुट प्ले स्कूल में फ्रूट्स डे मना




**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्कूल में बुधवार को फ्रूट्स थीम पर सजाया गया। सभी बच्चों को अभिभावकों ने लंच में फ्रूट्स देकर भेजा। सभी बच्चों ने अलग अलग तरह के फ्रूट्स के साथ फोटोज भी खिंचवाईं। स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बताया आजकल के बच्चों को जंक फूड खाने की आदत हो गई है। जिससे उनकी सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है । उन्होंने कहा फ्रूट्स बच्चों की सेहत के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए सभी अभिभावकों को बच्चों को रोज फ्रूट्स खिलाने की आदत डालनी चाहिए । सभी बच्चे और टीचर पिंक कलर की ड्रेस में आए। स्कूल की हेड ऑफ टीचर रश्मि हिम्मतरामका ने बच्चों को सारे फ्रूट्स के बारे विस्तार से समझाया और बताया कि हर फ्रूट से हमें विटामिन, आयरन, मिनिरल्स आदि पोषक तत्व मिलते हैं जो हमें बीमार नही होने देते हैं । स्कूल की प्रिंसिपल रेणु गोयल ने कहा कि डॉक्टर्स का भी कहना है दिन में एक सेब खाने से आपको किसी तरह की बीमारी नही होती है। उन्होंने कहा इस दिन को मनाने का मकसद ये बताना है कि बच्चों के दैनिक जीवन और खान पान में फ्रूट्स का बहुत महत्व है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साथ अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान




**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा ने चैनपुर बाजार में सदस्यता अभियान का कैंप लगाया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने की और इसका संचालन सचिव आशुतोष विनायक ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला सचिव सन्नू सिद्दिकी जी और विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा और नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल शामिल हुए। सन्नू सिद्दिकी ने कहा युवा मोर्चा द्वारा लगातार युवाओं को पार्टी में जोड़ा जा रहा है। इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. जशवंत सिंह, बबलू चौधरी, संगठन सचिव अरविंद चौधरी संयुक्त सचिव सद्दाम खान, अंकित सिंह शामिल हुए।

## पलामू लोकसभा सीट राजद की खतियानी जमीनः राहिल

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड में राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आयोजित बैठक में प्रकाश राम राहिल ने कहा कि पलाम लोकसभा सीट राजद की खतियानी जमीन है। मौके पर कई नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजू राम,रूबी ऋषि , नगर अध्यक्ष छतरपुर फैयाज खान , मुस्ताक अहमद , सतौआ मुखिया अखिलेश पासवान , महेंद्र मेहता, मो असलम जमाली ,तालिब अंसारी ओम प्रकाश साव ,फिरोज अंसारी, कृष्णा ठाकुर, सूरज कुमार, शाहिद रजा, सुषमा देवी, अनीता देवी, कृष्ण विश्वकर्मा, हंसराज यादव, चंदन तिवारी, अरुण मेहता,आदि लोग मौजूद थे।

## ज०वि०प्र० के दुकानदार की हत्या निंदनीयः शत्रु

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने बुधवार को गोल्हना निवासी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार व वरीय समाजसेवी सत्यदेव तिवारी की हत्या पर दुख व्यक्त किया है। श्री शत्रु ने आगे कहा है कि बीएसएफ जवान के द्वारा ना केवल श्री तिवारी की हत्या की है बल्कि मानवता को शर्मसार भी किया है। यह घटना सिर्फ एक जाति, परिवार व समाज का नहीं होकर मानवता के खिलाफ की गई हत्या है। जिसकी चौतरफा निंदा होनी चाहिए।

## टाउन हॉल में कारगिल विजय दिवस समारोह आयोजित

# सैनिकों की शहादत पर की गई घोषणायें धरातल पर नहीं उतरती हैं : दामोदर मिश्र

### वीर नारी व युद्ध में घायल सैनिक किये गये सम्मानित





#### स्कूली बच्चों ने देसभक्ति से भरे कार्यक्रम की प्रस्तुति से बांधा शमां

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर । शहर के दीनदयाल स्मृति नगर भवन में बुधवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वीर नारियों और युद्ध के दौरान घायल सैनिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के अलावा काफी संख्या में आम जनों की भी सहभागिता रही। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया- बहनों द्वारा बहुत ही आकर्षक और भावपूर्ण देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इनके अलावे जेनिथ पब्लिक स्कूल के छात्र भी इस कार्यक्रम में सहभागी बने। इस अवसर पर परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब जवान की शहादत होती है, तब बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं, लेकिन बाद में सब भुला दिया जाता है। मेदिनीनगर नगर निगम के आश्वाशन के बावजूद शहीद चौक के नामकरण का मामला नहीं सुलझ पाया। पुरबडीहा के सूरज दुबे को छुट्टी से लौटते हुए ड्यूटी के दौरान एक षड्यंत्र के तहत अपराधियों द्वारा जला कर मार डाला गया, लेकिन आज तक उन्हें भी शहीद का दर्जा नहीं मिला। पलामू के अन्य शहीद भी उपेक्षित हैं। किसी के लिए जमीन का वादा किया गया था, तो किसी के लिए पेट्रोल पंप का, लेकिन धरातल पर कुछ नही किया गया। पलामू में सीएसडी कैंटीन बंद पड़ा है, लेकिन राज्य सरकार या स्थानीय प्रशासन के द्वारा उसे दुबारा खुलवाने के प्रति कोई दिलचस्पी नहीं है। वैसे ही ईसीएचएस की व्यवस्था, सेंट्रल स्कूल का विस्तारीकरण और सैनिक कल्याण बोर्ड के कार्यालय इत्यादि को केंद्र सरकार से मंजूरी मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा लटका कर रखा गया है। उन्होंने राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन से सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए इन सभी समस्याओं का समाधान निकालने का अनुरोध किया। समारोह में स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व उप महापौर मंगल सिंह, कमलेश चंद्र मिश्र, अविनाश वर्मा, ज्योति पांडे, संदीप गुप्ता, ट्विंकल गुप्ता, धीरज गुप्ता, लाला यादव, अरशद जमाल, रमेश सिंह, परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष गयानंद पाण्डेय, महासचिव दिनेश गुप्ता, जनार्दन सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, समता प्रसाद शर्मा, हरिहर तिवारी, दया शंकर शर्मा, गिरवर प्रजापति, आरसी यादव, मुक्तेश्वर सिंह, शंभू नाथ सिंह, महावीर प्रसाद पाल, बैजनाथ प्रसाद पाल, त्रिपुरारी प्रसाद, अरुण कुमार मेहता, बृज किशोर मेहता, अंबिका राम, अगस्त तिवारी, अरुण कुमार मेहता, जनार्दन सिंह इत्यादि की गरिमामयी सहभागिता रही।

**NEWS इन ब्रीफ**

## पलामू लोस सीट पर कांग्रेस का अधिकारः गणेश रवि

**मेदिनीनगर ।** कांग्रेस पार्टी पलामू लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। आरजेडी जेमैम के साथ गठबंधन के बाद भी कांग्रेस पार्टी दवा करेगी कि पलामू लोक सभा सीट पर उसका स्वाभाविक अधिकार है। बहुसंख्यक दलित समुदायों के साथ आदिवासी मुस्लिम और ब्राह्मण कांग्रेस के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पलामू जिला कांग्रेस पार्टी पलामू लोकसभा चुनाव तैयारी अभियान में पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी सक्रिय रूप से लग गए है। पलामू लोकसभा सीट निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी के खाते में आएगा।

# शहीदों को याद करना देश की सेना का सम्मानः कामख्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल में कारगिल के शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया । प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में दो पूर्व सैनिकों कामाख्या नारायण सिंह अनरेरी नायक सूबेदार सह सदस्य स्थानीय प्रबंध समिति एम. के. डी.ए.वी तथा बृजेश शुक्ला एम. ए.सी. पी. नायक सूबेदार की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ वेद मंत्रोचार के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर स्कूल के एकादश कक्षा के छात्र दीपांशु सिंह ने शहीदों की स्मृति में एक कविता पाठ किया तथा अर्पिता एवं अदिति ने भाषण प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने उदबोधन में पूर्व सैनिक कामाख्या नारायण सिंह ने बताया कि ऐसे अवसरों पर शहीदों को याद करना सम्मान देना, तीनों सेनाओं को सम्मान देने जैसा है । बृजेश शुक्ला ने कारगिल युद्ध की कठिनाइयों एवं सैनिकों के हौसलों की जानकारी देते हुए कैप्टन विक्रम बत्रा के द्वारा अपनी मां के लिए भेजे गए पत्र की जानकारी दी एवं उनका प्रसिद्ध कथन बताया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. एन. खान ने अपने उद्बोधन में बताया कि कारगिल युद्ध अत्यंत विषम परिस्थितियों में लड़ा गया था। दुश्मन ऊपर से घात लगाए बैठा था और हमारी सेना नीचे से हमला करते हुए ऊपर चढ़ रही थी, जो बहुत खतरनाक था। इस युद्ध में कुल 527 सैनिक शहीद हुए। इस युद्ध के नायक कैप्टन विक्रम बत्रा एवं सौरभ कालिया डी.ए.वी के छात्र रहे थे। कार्यक्रम के अंत में अतिथि द्वय को शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मीनाक्षी कारण एवं सुभाषिनी श्रीकंठ ने किया। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे।उन्होंने छात्रों से आज एक दिया शहीदों के नाम जलाने का आग्रह किया।

## प्रथम महापौर ने किया दो दिवसीय वर्कशॉप का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** पलामू के डांसरों के लिए दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर निगम की प्रथम महिला महापौर अरुणा शंकर , ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के निर्देशक प्रदीप नारायण, गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के निर्देशक गुरवीर सिंह, द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित बर्मन ने दीप प्रज्वलित कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। मौके पर डांस स्टूडियो की अगरिया प्रियदर्शनी गणेश वंदना पर नृत्य करके अतिथियों का स्वागत किया। वहीं ओसी, रितिका ने भी आपने प्रशाल में उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया । मौके पर अर्बन डांस स्टूडियो ने वर्कशॉप में आए सभी डांसरों को अतिथियों के हाथों से टी-शर्ट बटवाया । वहीं मौके पर अरुणा शंकर ने कहा कि डांस हमारे शरीर को चुस्त एवं तंदुरुस्त रखता है । आज के आधुनिक युग में बच्चे एवं युवा मोबाइल के आदी होते जा रहे हैं । उन्हें जरूरत है अर्बन डांस स्टूडियो जैसे एकेडमी की जहां वह आकर डांस का हुनर सीख सकें। वहीं मौके पर प्रदीप नारायण ने कहा की डांस के माध्यम से भी करियर बनाया जा सकता है । एक कुशल कोरियोग्राफर बन कर समाज में अपनी पहचान बना सकते हैं। मौके पर सुमित बर्मन ने कहा की एरोबिक डांस के साथ स्पोर्ट्स में भी शामिल है इस में डांसर ओलंपिक जैसे खेलों में जाकर अपना भविष्य बना सकते हैं।

**खेती** | मेड़ पर अरहर की फसल जरूर लगायें : कृषि वैज्ञानिक

# बारिश नहीं होने से सूखने लगे खेत, किसान चिंतित

#### वर्ष 2023 में 99 मिलीमीटर ही हुई है वर्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के किसान फिर परेशान दिखने लगे हैं। मॉनसून की आंख मिचौली के खेल को कौन समझे। जहां एक ओर पिछले साल सूखा पड़ने से किसानों के सामने भूखमरी की स्थिति पैदा हुई थी। वहीं इस वर्ष भी सामान्य से कम वर्षा होने की वजह से खेत में लगा बिचड़ा सूखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार जून महीने में औसतन वर्षा 158 l3 मिली मीटर है। वर्ष 2023 में 99 मिलीमीटर ही वर्षा हुई है। जो सामान्य से 37 प्रतिशत कम है। वहीं जुलाई महीने में 307 l4 मिलीमीटर वर्षा का अनुपात है। 20 दिन में महज 92 l 6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के कनिय वैज्ञानिक अखिलेश कुमार ने बताया कि किसानों के सामने समस्या उत्पन हो गई है। वर्षा नहीं होने से बिचड़ा सूखने लगा है। किसान अपने बिचड़े को बचाने का प्रयास करे। अभी भी धान रोपने के लिए कुछ दिन शेष है। किसान भाई अब अपने खेत में हाइब्रिड पैडी वाले धान की सीधी बुनाई करे। किसान अब उन्नत बीज के धान की सीधी बुआई कर सकते है। इसके लिए किसान पीएसी 807 जो की 105 दिन में और सहभागी 110 दिन में तैयार हो जाता है। इसकी बुनाई कर सकते है। इसकी बुआई, जोताई के साथ अथवा गेहूं की तरह लाइन में कर सकते हैं। इसके लिए पर्याप्त वर्षा जल में फसल तैयार हो जाते हैं। ये धान कम वर्षा जल में भी तैयार हो जाता है। साथ ही किसान खेत की नमी के अनुसार दूसरे और तीसरे किस्म के भूमि में दलहन और तिलहन की खेती कर सकते है। वहीं खेत के मेढ़ पर अरहर की फसल जरूर लगायें।



# वन विभाग ने भारी मात्र में जब्त किया अवैध खैर का बोटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना (गढ़वा)।** वन विभाग ने डंडई - करके मार्ग से परिवहन के लिए रखे गये अवैध खैर की लकड़ी जब्त कर आठ ट्रैक्टर खैर का छिला हुआ। बोटा को बुधवार को रमना स्थित वन परिसर कार्यालय लाया है। वन विभाग द्वारा अवैध खैर की लकड़ी को दूसरी बार भारी मात्रा में जब्त की गयी है। इस जब्त की गई खैर के बोटा का अनुमानित मूल्य 20 से 25 लाख रुपए लगाई गई है। इस संबंध में प्रभारी वन पाल नीरज कुमार मेहता ने बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी गढ़वा को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि डंडई में भारी पैमाने पर खैर का छिला हुआ बोटा परिवहन के लिए रखा गया है। जिसके बाद वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा डंडई - करके मार्ग में बिजली ग्रिड के समीप से छापामारी किया गया। जिसमें आठ ट्रैक्टर खैर का छिला हुआ बोटा को जब्त कर वन परिसर रमना लाया गया। छापेमारी दल में प्रभारी वन पाल नीरज कुमार मेहता,



वनरक्षी सचिन कुमार, प्रवीण कुमार शुक्ला, नवीन कुमार शुक्ला, ध्रुव कुमार, पुष्पराज सिंह, राजकुमार राम, राजीव रंजन कुमार, मनीष टोप्पो, संजय चौधरी शामिल थे। ग्रामीणों में इस लकड़ी की कीमत 50 -से एक करोड़ की चर्चा है।

# 62वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** झारखंड शिक्षा परियोजना, प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वावधान में बुधवार को जोन स्तरीय खेलो झारखंड के तहत 62 वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उच्च विद्यालय चितविश्राम के मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय, प्रखंड साधन सेवी श्रीकांत चौबे, भवनाथपुर लेखापाल प्रदीप शुक्ला एवं सीआरपी संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर तथा बीईईओ विजय पांडेय के द्वारा फुटबॉल को कीक मारकर की किया गया। अंडर 17 वर्षीय बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय छताकुंड केतार व उच्च चितविश्राम नगर ऊंटारी के बीच खेला गया। उच्च विद्यालय छताकुंड केतार के टीम ने उच्च विद्यालय चितविश्राम को 1 - 0 से पराजित कर विजेता टीम बनी। वहीं अंडर 14 वर्षीय वर्ग में प्रथम स्थान राजकीयकृत उच्च विद्यालय चितविश्राम ने राजकीय मध्य विद्यालय केतार को पराजित कर विजय प्राप्त किया। 17 वर्षीय बालक वर्ग में आर के 10+2 उच्च विद्यालय भवनाथपुर व समता उच्च विद्यालय केतार के बीच मैच खेला गया। दोनों टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया। लेकिन पेनाल्टी शूट में 3-2 से समता उच्च विद्यालय ने आर के 10+2 भवनाथपुर को पराजित कर विजेता टीम घोषित हुआ। सभी विजेता टीम को प्रशस्ति पत्र, मेडल तथा शील्ड, उपविजेता टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच का कमेंट्री शिक्षक कमलेश पांडेय ने किया। मौके पर बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी प्रशांत कुमार देव, खेल शिक्षक किशोर कुणाल, संजय कुमार, अविनाश कुमार, अखिलेश प्रसाद, सभी प्रखंड के खेल शिक्षक तथा बीपीओ उपस्थित थे। मैच के अंत में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडये व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन ने उपस्थित खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा रखने एवं नियमित खेल खेलने से संबंधित जानकारी दिया।

# आरोपी पति गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के सोहवरिया गांव में विगत रविवार के दिन नवविवाहिता महिला की जहर खाने से मौत हो गई थी। जिसमें नामजद प्राथमिक अभियुक्त उसके पति मुकेश कुमार चौधरी को मेराल पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विगत दिन रविवार की रात्रि मृतक शिला देवी पति के साथ घरेलू विवाद में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। इसे लेकर मृतक के मायके वाले के द्वारा मुकेश चौधरी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसे लेकर मेराल पुलिस को मुकेश चौधरी उर्फ सुखारी चौधरी को पुलिस की तलाश थी। इस संबंध में मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि नामजद प्राथमिक अभियुक्त मुकेश कुमार चौधरी को मेराल पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## छह दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण शुरू

# महिलाएं समाज की दिशा बदल सकती हैं : अंजनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण का शुभारंभ। जेएसएलपीस के बीपीएम अंजनी कुमार, आरसेटी के निदेशक इंदु भूषण लाल, एसबीआई के पूर्व एफएलसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जेएसएलपीएस के एफटीसी प्रमोद कुमार पांडेय, ध्रुव कुमार पांडेय, संस्था के फैकल्टी मिथलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अंजनी कुमार ने कहा कि महिलाएं समाज का दिशा बदल सकती हैं। और आप के माध्यम से समाज में बदलाव लाने के लिए लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आप सभी लोग अपने गांव पहुंचकर समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता का पाठ पढ़ाएंगी। संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने कहा कि आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किये जा रहे हैं। लेकिन गांव की महिलाएं आज भी बैंक के कामकाज को नहीं जानती है। उन्हें जागरूक करने के लिए आप सभी लोगों को जिम्मेवारी दी जा रही है। आप लोग ट्रेनिंग का लाभ उठाएं। अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के समय में अगर आप वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक नहीं हैं तो आपके खाते से कभी भी ऑनलाइन राशि की निकासी कर ली जाएगी। ऐसे समय में लोगों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक होना होगा। तभी आप अपनी राशि को सुरक्षित रख पाएंगे। इससे बचाव के लिए आप लोगों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आप लोग ट्रेनिंग के पश्चात अपने गांव और समाज के लोगों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करने का काम आपको करना है। इस मौके पर रुस्तम अली, अभिषेक कुमार तिवारी, सुरेंद्र रवि शामिल थे।

# घायल मरीज के परिजनों ने जम कर किया हंगाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में डॉक्टर को नहीं रहने के कारण सर्प दंश से घायल मरीज के परिजनों ने जम कर किया हंगामा। फिर भी डॉक्टर नहीं आए। बाद में परिजन बाहर ले गए। इसके बाद हंगामा बढ़ता देख अस्पताल के बड़ा बाबू ने एमपी डब्लू को इलाज के लिए लाया।

**क्या है मामला :** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को थाना क्षेत्र के मकरी के सर्प दंश से घायल एक महिला को जब परिजन द्वारा अस्पताल में लाया गया। अस्पताल में आधा घंटा तक इंतजार के बाद भी जब कोई भी डॉक्टर इलाज के लिए नहीं पहुचे। आक्रोशित परिजनों ने जम कर हंगामा किया। आक्रोशित ग्रामीण अलामुद्दीन अंसारी, सुनील सिंह, विमलेश यादव, बीरेंद्र बैठा, गुड्डु यादव, विक्रमा चंद्रवंशी, राजेन्द्र यादव, अंकित कुमार, अमित रावत, त्रिपुरारी राउत, सोनू राउत ने आरोप लगाया। अस्पताल में कभी भी किसी का इलाज नहीं होता कभी डॉक्टर नहीं होते हैं। कभी रहते भी है तो इलाज का जहमत नहीं उठाते और गाड़ी पर से ही रेफर कर देते हैं। भवनाथपुर समुदायिक अस्पताल रेफरल अस्पताल बन कर रह गया है। गढ़वा सीएस अनिल कुमार सिंह से पूछे जाने पर कहा की मामले की जांच की जाएगी, जो भी दोषी होंगे उनपर कारवाई की जाएगी।

# राशि रिकवरी को लेकर दूसरा नोटिस भी बेअसर



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई (गढ़वा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि से विद्यालय भवन का निर्माण कराने मामले में कार्रवाई को लेकर बीडीओ सोमा उरांव की ओर से लाभुक राम दुलारी देवी के नाम अब तक जारी किया गया। दोनों नोटिस सिर्फ और सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है। दोनों नोटिस के बाद न तो लाभुक के द्वारा प्रखंड के नजारत खाता में उक्त योजना मद की राशि जमा की गई और ना ही बीडीओ के द्वारा लाभुक के खिलाफ अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई ही किया गया। बावजूद बीडीओ की ओर से दोनों नोटिस को जारी हुए अब तक अधिकतम 2 से 3 महीने का समय बीत गया। बताते चलें कि पहला नोटिस के बाद ज्ञापांक 495 दिनांक 16/6/2023 के माध्यम लाभुक के नाम बीडीओ की ओर से जारी किए गए दूसरे नोटिस में भी सप्ताह दिन के अंदर प्रखंड के नजारत खाता में प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि जमा करने को लेकर लाभुक को सख्त चेतावनी दी गई थी। बावजूद आज तक उनके द्वारा उक्त राशि को नजारत खाता में जमा करने का काम नहीं किया गया। मालूम हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि से लाभुक के द्वारा निवास गृह न बनाकर उनके द्वारा विद्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा था। उक्त मामले को दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के द्वारा प्रमुखता से उठाने का काम किया था। उसके बाद मामले पर संज्ञान लेते हुए बीडीओ की ओर से लाभुक के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई थी। उसी कार्रवाई के तहत अब तक उनके द्वारा राशि रिकवरी को लेकर लाभुक के नाम में दो दो बार नोटिस निर्गत किया जा चुका है। मामले में उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि लाभुक के खिलाफ एक नहीं दो दो नोटिस जारी हो गया है तो उन्हें हर हाल में राशि नजारत खाता में जमा करना होगा। ऐसा नहीं करने पर लाभुक के खिलाफ कुर्की जब्ती का भी नोटिस जारी हो सकता है। उपयुक्त ने कहा कि मामले में अब तक लाभुक के खिलाफ सर्टिफिकेट केस क्यों नहीं हुआ है। जानकारी हासिल करने के बाद ही कुछ कहा जाएगा।

# पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन




**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरना नगर में बुधवार को वन विभाग के सौजन्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में 70 पौधे लगाये गये। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार, वरीय शिक्षक अखिलेश प्रसाद ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिये पेड़ पौधों का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष पौधे लगाये जाते हैं लेकिन उचित देखभाल के अभाव में पौधे नहीं बचते हैं। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के साथ साथ उन्हें बचाना जरूरी है। मौके पर शिक्षक उमाकांत सिंह, अध्यक्षा सरिता देवी, पिंटू खान, चंचला कुमारी, शोभा कुमारी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# सुखल दरी जलप्रपात को पर्यटक स्थल की मान्यता है प्राप्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** जिले के धुरकी प्रखंड में सुखल दरी जल प्रपात को राज्यस्तरीय महत्व का पर्यटक स्थल प्रक्षेत्र के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। पर्यटन मंत्री हफीज उल हसन द्वारा उपायुक्त से उक्त स्थल के विकास के लिये कार्य शुरू कराने तथा राज्यस्तर का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने के लिये कहा है। उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा स्थल विकास के लिये 12 प्रस्ताव सरकार के पर्यटन मंत्री को दिया गया है। जिसमें परास पानी टंकी से सुखल दरी गेस्ट हाउस तक दो लेन का पक्की सड़क निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा दो करोड़ उनचास लाख से ऊपर की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस कार्य की स्वीकृति के बाद स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है। इसके लिये उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि सीढ़ी के बगल में नदी तक जानेवाली रास्ता की स्वीकृति मिलने वाली है। इन दोनों कार्यो के लिये कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास धर्मेन्द्र कुमार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि पूर्व से बना गेस्ट हाउस का एक वर्ष पूर्व जीर्णोद्धार हुआ है। लेकिन रख रखाव की व्यवस्था नहीं होने के कारण कुछ क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसे पुनः जीर्णोद्धार कराने तथा रख रखाव के लिये दो लोगों को नियुक्त करने, परास पानी गांव बैगा टोला मोड़ से गेस्ट हाउस तक गाड़ी पार्किंग के लिये 10 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराकर मैदान निर्माण कराने, जिसमे कम से कम 5 हजार गाड़ी खड़ी हो सके। उक्त स्थल पर राज्य सरकार की कुछ गैरमजरूआ भूमि शेष भूमि वन विभाग से प्राप्त करना होगा। सुखल दरी कनहर झरना स्थल से मन्दिर तक जाने के लिये पूर्व से बना सीढ़ी का चौड़ीकरण कराने, कम से कम 10 यूनिट महिला पुरुष शौचालय का निर्माण कराने, पेयजल की व्यवस्था पाइप लाइन द्वारा कराने, पर्यटकों को बैठने के लिए कम से कम 50 जगह कुर्सी व शेड का निर्माण कराने, राजगीर की तरह सुखल दरी गेस्ट हाउस से कनहर नदी उस पार छत्तीसगढ़ के ग्राम धवली पहाड़ को झूला बनाकर जोड़ने की मांग किया है। उन्होंने जिले के उपायुक्त से उक्त सभी बिंदुओं पर विकास करने का अनुरोध किया है। जिला स्तर से ऊपर की सभी योजनाओं को सरकार को भेजने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त द्वारा स्थल का निरीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने उपविकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण तथा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग से भी स्थल निरीक्षण करने का अनुरोध किया है। प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी, सोबराती खान सहित अन्य उपस्थित थे।

# मणिपुर में हिंसा के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला




**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया (गढ़वा)।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा व झामुमो के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को भंडरिया इंदिरा गांधी चौक से वन विभाग होते हुए पुणः इंदिरा गांधी चौक तक मणिपुर में हिंसा के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला गया। जिसमें लोगों के द्वारा दोषियों को फांसी दो, पीएम नरेंद्र मोदी इस्तीफा दो, धर्म की राजनीति नहीं चलेगी, केंद्र सरकार चुप्पी तोड़ो, आदि नारे लगा रहे थे। प्रतिरोध मार्च में शामिल लोगों के द्वारा इंदिरा गांधी चौक पहुंचने के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। साथ ही उक्त भीड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा को झामुमो के जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह अखिल भारतीय महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जेपी मींज, राजेश मींज छोटन टोप्पो, सुशीला क्रिकेटर सहित आदि वक्ताओं ने मणिपुर की घटना को लेकर भाजपा व केंद्र सरकार को जमकर खरी-खोटी सुनाई। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा धर्म की राजनीति करती है जो नहीं चलेगा। मौके पर हरिदास तिर्की, निलम कुजूर, लाजरूस तिर्की, केशवर केरकेट्टा, सुमित मिंज, बाना मिंज, विशुन लकड़ा सहित बहुत संख्या में महिला पुरूष उपस्थित थे।

## समीक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कर्मचारियों व मुखिया के साथ की बैठक

# आपसी मेलजोल से करें विकास : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना (गढ़वा)।** बीडीओ ललित प्रसाद सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रखण्ड के सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी मुखिया पंचायतकर्मियों के साथ समन्वय बनाकर काम करें। ताकि छोटी-छोटी समस्याओ के लिए जनता को प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। बीडीओ ने कहा कि सभी पंचायतों में शिकायत पंजी रखी जाय। जिसमे पंचायत के लोग अपनी समस्या दर्ज करायेंगे। उनमे से पंचायत स्तर की समस्याओ का निदान वहीं पर किया जाय तथा प्रखण्ड स्तर की समस्याओ को उन तक पहुंचायी जाय ताकि ससमय समस्या का निदान जनता की कठिनाइयों को दूर किया जा सके। बीडीओ ने नियमित रूप से पंचायत सचिवालय खोलते हुए उसमे बिजली, पानी, इंटरनेट और प्रज्ञा केंद्र की सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने खाद्य सुरक्षा निधि की समीक्षा करते हुए इस मद में अवशेष राशि की जानकारी अविलम्ब देने का निर्देश दिया ताकि राशि की मांग की जा सजे। बीडीओ ने सावित्री बाई फुले सुकन्या समृद्धि योजना का शत-प्रतिशत फार्म भरवाने का निर्देश देते हुए इसमें कोताही बरतने वाले के विरुद्ध करवाई करने की बात कही।उन्होंने अपनी उपस्थिति में राशन वितरण कराने का निर्देश भी सभी मुखिया को दिया ताकि पारदर्शिता बनी रहे। वही मनरेगा योजनाओ की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश भी सम्बन्धित कर्मियों को दिया।बीडीओ ने कहा कि चुकि लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारी शुरू कर दी गयी है।ऐसे में 15 वी वित्त की राशि से सभी मतदान केंद्रों की व्यवस्था सुदृढ़ किया जाय। इस बैठक में सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव मौजूद थे।

# इमाम हुसैन ने सत्य की राह को बचाया : इम्तियाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखंड के नरही ग्राम में मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा जिक्रे शोहदा ए कर्बला का समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ पेशे इमाम मो. शाहिद रजा द्वारा कुरान ए पाक की तिलावत पढ़कर किया गया। शहादत इमाम हुसैन, हजरत अली रहमतुल्लाह अलेह से जुड़े बयान सुनाया गया। मौलाना इम्तियाज अहमद ने कहा कि हजरत इमाम की अजमत को कम कर दिखाया जा रहा है। लेकिन हक तो यही है। इमाम हुसैन शहीद होकर भी लोगों के दिलों में हैं। इनके अजमतों को सलाम है। हक एवं वातील की जंग में अपने 72 साथियों के साथ शहीद होना गवारा किया। लेकिन यजीद के हाथों पर वैत होना। गवारा नहीं किया। उन्होंने शहीद होकर इस्लाम के सत्य की राह को बचाए इमाम हुसैन। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व आपसी भाई चारा व एकता का त्योहार है। अंत में सलातो सलाम पढ़कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी गई। मौके पर पंचायत के मुखिया मनोज ठाकुर, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर इम्तियाज छोटू, डा. कुतबुद्दीन अंसारी, सदर नसीर अंसारी, फूल मोहम्मद अंसारी, गांधी, युनूस अंसारी, अयूब अंसारी, रोज मोहम्मद, इरफान आलम, अफरोज, मतलूब, महबूब, इसराइल अंसारी, मुन्ना, अंसार अली, सुभान, रमजान, शकील, शहजाद, वस्ताद, नौशाद, नजाम, जबर, अजीम, हाफिज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कारगिल विजय दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

# कर्तव्यनिष्ठ बन कर देश सेवा की जा सकती है: कमांडेंट




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
कारगिल विजय दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज के द्वारा गांधी इंटर कॉलेज लातेहार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित 214 बटालियन के कमांडेंट अभिनव आनंद, गांधी इंटर कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू एवं अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर के द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं बुके देकर स्वागत किया गया अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अभिनव आनंद ने कहा कि कारगिल की लड़ाई काफी मुश्किल थी, लेकिन भारतीय सेना के जांबाज जवानों के कारण महज दो महीने में ही दुश्मनों को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि देश सेवा के लिए जरूरी नहीं है कि सैन्य बलों में ही जाया जाए एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति बन कर भी देश की सेवा की जा सकती है।

गांधी इंटर कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू ने कहा कि आज का भारत तरक्की की ओर अग्रसर है वह दिन दूर नहीं जब हम विश्व गुरु बनेंगे। हम सभी के छोटे-छोटे प्रयासों के कारण देश दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने को अग्रसर है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का मकसद छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना विकसित करना है। पुष्कर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में किए गए प्रावधानों के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने भारत सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, शिक्षिका चोनाहाती बाड़ा, पूनम कुमारी नीलम साहू कुमारी ज्योति मौजूद रहीं। कार्यक्रम के पश्चात कारगिल पार्क जाकर सीआरपीएफ के कमांडेंट, कॉलेज के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

**प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार, खिले चेहरे:** गांधी इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर रंगोली भाषण एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसके प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर आए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया।

**पारंपरिक नृत्य से छात्राओं ने मोहा मन:** जागरूकता अभियान कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राओं के द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात झूमर और नागपुरी भाषा में देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर छात्रों ने सबका मन मोह लिया। नागपुरी भाषा में देशभक्ति गीत प्रस्तुत करने पर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

## छात्रा की मौत, ग्रामीणों ने चतरा-हजारीबाग सड़क जाम किया



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गिद्धौर की छात्रा नेहा की मौत के बाद ग्रामीण व परिजन सड़क पर बुधवार को उतर आये। सुबह शव के साथ ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक मोड़ के पास बीच सड़क पर शव को रख कर चतरा-हजारिबाग सड़क जाम कर दी। परिजन पुलिस प्रशासन से वार्डन पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करने व उन्हें अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने लगभग 2 घंटे सड़क अवरुद्ध रखने के बाद एसडीओ सुधीर कुमार दास के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम हटाया और शव का अंतिम संस्कार किया। मृतक के परिजनों को 10 हजार नगद राशि देने की बात कही। साथ ही परिजनों को अन्य सरकारी लाभ देने का भी आश्वासन दिया। साथ ही एसडीओ ने कहा कि वार्डन पर यूडी के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। फिलहाल निलंबन की करवाई की गई है। जिला स्तरीय जांच टीम गठित की गई है। मौके पर बीडीओ संजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, ससस्त्र बल के जवान व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### लातेहार के 24 वें उपायुक्त के रुप में हिमांशु मोहन ने पदभार ग्रहण किया, कहा

# विकास योजनाओं को जमीन पर उतारना मेरी प्राथमिकता




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
लातेहार जिले के 24 वें उपायुक्त के रूप में बुधवार को हिमांशु मोहन ने निवर्तमान उपायुक्त भोर सिंह यादव से पदभार ग्रहण किया।

हिमांशु मोहन ने लातेहार जिले के नए उपायुक्त के रूप में आज अपना योगदान दिया। सर्वप्रथम नवनियुक्त उपायुक्त हिमांशु मोहन ने उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। जिले के निवर्तमान उपायुक्त भोर सिंह यादव ने भी उपायुक्त हिमांशु मोहन को प्रभार देकर उन्हें शुभकामनाएं दी एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि लातेहार ज़िले में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं को समय पर पूरा करना और विकास कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें धरातल पर उतारना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह ज़िले की बेहतरी एवं आम जनों के कल्याण के लिए सदैव तत्परता से कार्य करेंगे।

## दो महिला आइपीएस अधिकारियों ने क्षेत्र का नाम रोशन किया



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
महुआडांड़ अनुमंडल से दो महिला को प्रोन्नत देकर सोमवार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बैच लगाकर सम्मानित करते हुए आइपीएस अफसर बनाया। जिसमें गारू प्रखंड के मायापुर पंचायत के गांव रामसेली की सरोजिनी लकड़ा व महुआडांड़ प्रखंड के चैनपुर पंचायत के ग्राम चैनपुर एमेल्डा एक्का हैं। दोनों 2017 बैच के हैं। बताते चलें कि वर्ष 1986 में दोनो की बहाली पुलिस विभाग में खेल कोटा से हुई थी। 1991 में दोनों एक साथ इंस्पेक्टर बनीं वर्ष 2008 में इन दोनों की पदोन्नति डीएसपी के पद पर हुई।वही वर्ष 2019 में एएसपी के पद पर हुआ। ऐमल्डा एक्का महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर की पत्नी है। वहीं दोनों के आइपीएस अफसर बनने पर अजित पाल कुजूर, अभय मिंज, मनीना कुजूर, राजीव गुप्ता, आनन्द प्रसाद, सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## संक्षिप्त

### उपायुक्त की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की हुई बैठक




**चतरा:** मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में की गई। जिसमें समन्वय समिति के सदस्यों, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदस्यों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। शांति समिति की बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उपायुक्त ने लॉ एंड ऑर्डर की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की बात कही। अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक जुलूस आयोजकों से समन्वय स्थापित कर लें कि जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाली जाएगी। बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी अपने स्तर से रूट का जांच कर लें। पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति में आए लोगों को आश्वस्त किया की संवेदनशील जगहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार एक्का, एसडीओ चतरा, सिमरिया, एसडीपीओ चतरा, सिमरिया, टंडवा, जिला स्तर पदाधिकारीगण, सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समन्वय समिति के सदस्यगण, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

### सिमरिया डिग्री कॉलेज में 8 वां स्थापना दिवस एवं कारगिल विजय दिवस मनाया गया

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के बानासाड़ी ग्राम में स्थित डिग्री महाविद्यालय सिमरिया में बुधवार को 8 वां स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्वारा मुख्य अतिथि अशोक कुमार प्रबंधक कार्मिक आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर तथा अनुप कुमार भगत प्रबंधक कार्मिक आम्रपाली को सचिव अखिलेश कुमार सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य रविंद्र बक्शी एवं प्रबंधन समिति द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि को महाविद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर पौधरोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल- कूद का आयोजन किया गया। विजेता खिलाडियों को विवि प्रतिनिधि देवेन्द्र प्रसाद द्वारा पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन के कार्यकारिणी सदस्य बालदेव ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बनवारी साहू विद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में बुधवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां स्वयंसेवकों ने विद्यालय में झाड़ी की कटाई, प्लास्टिक को कूड़े दान में रखने से लेकर पूरे विद्यालय में सफाई अभियान चलाकर कार्यक्रम को मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। जिसमें कविता कुमारी, अनु कुमारी, अनामिका कुमारी, सोहन तिग्गा, उषा कुमारी, सुरेश उरांव, रविंद्र सिंह, जय मनी कुमारी, शीतल कुमारी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

### बाइक दुर्घटना में बाप-बेटी घायल

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के दानव बाबा समीप बुधवार को बाइक दुर्घटना में बाप-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल बारियातु गांव के राजेश भुइंयां व बेटी रिया कुमारी को ग्रामीणों के तत्प्रता से इलाज के लिए स्थानीय किलिनीक में भर्ती कराया जहां इलाज जारी है। बताया गया की राजेश अपनी पुत्री के साथ ससुराल बारिसाखी जा रहा था, इसी बीच दानव बाबा समीप अचानक बकरी दौड़ गयी। जिसे बाइक अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### हनुमान मंदिर में किया गया हनुमान चालीसा का पाठ

**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा बीच बाजार स्थित हनुमान मंदिर में सैकड़ो लोगों ने एक साथ बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद वितरण किया। पाण्डेयपुरा एवं आस-पास के ग्रामीणों ने भी अपने क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने का संकल्प लिया।

## मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाएं: एसडीपीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
जिले के उपायुक्त और पुलिस कप्तान के निर्देश पर बुधवार को थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में शांति समिति के सदस्य समेत सभी समुदाय के प्रबुद्ध नागरिक और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया . बीडीओ ने सभी समुदाय के लोगों से त्यौहार को आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की. वहीं, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा ने मोहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी से सहयोग की अपील की साथ ही हिदायत दी कि शांति व्यवस्था को भंग करने वालों को चिन्हित करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है, किसी भी तरह की शांति व्यवस्था भंग करने की हरकत सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों में की जाएगी तो वैसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी . थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि मोहर्रम के दौरान पुलिस मुस्तैद रहेगी जुलूस वाले इलाकों और झंडा मिलन वाले इलाके में किसी भी तरह के छोटे बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा. जुलूस में प्रतिबंधित गाने और साउंड का इस्तेमाल करने वाले डीजे ऑपरेटर समेत मुहर्रम कमेटी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी . थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम को लेकर पुलिस कप्तान के द्वारा विशेष निगरानी टीम का गठन किया गया है. जिप सदस्य संतोषी शेखर ने लोगों से भाईचारे के साथ मुहर्रम मनाने की अपील की।

**मुहर्रम कमेटी ने अधिकारियों को किया सम्मानित :** मुहर्रम इंतजामिया कमेटी द्वारा मुहर्रम इंतजामिया कमेटी द्वारा प्रखंड क्षेत्र में सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाए रखने में प्रखंड प्रशासन के बेहतर योगदान के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ,थाना प्रभारी और जीप सदस्य को सम्मानित किया गया.मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, , मुखिया नीतू देवी ,मनान अंसारी,हेसमुल अंसारी , ओम प्रकाश गुप्ता ,प्रकाश सिंह ,मुन्ना अंसारी, उप मुखिया सुल्तान अंसारी, सुनील कुमार सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## प्रखंड क्षेत्र में बारिश नहीं होने से किसान चिंतित, बिचड़े को बचाने को लेकर हैं परेशान




**रूपेश कुमार**
**बारियातू ।** प्रखंड क्षेत्र में पंद्रह से बीस दिन बीत जाने के बाद भी बारिश नहीं हो रही है, जिससे प्रखंड क्षेत्र के किसानों को चिंता दिन प्रतिदिन सताने लगी है , अभी तक अहार, पोखर ,तालाब व खेतों में पर्याप्त पानी की जमाव नहीं हो पाई है आसमान में काले बादल छाए रहने से किसान आस लगाए रह जाते हैं, लेकिन बारिश नहीं हो पाती हैं, निराश किसान मौसम की बेरुखी से काफी परेशान हैरान दिख रहे हैं, बस बादल को निहारते दिन भर रह जाते हैं खेतों में दरार और सूखे पड़े हुए हैं और किसानों द्वारा किया गया धान का बिचड़ा सूखे के कारण से लाल पीला होकर मरने की कगार में हो गया है, ऐसे में अकाल की आहट से किसानों को चिंता काफी बढ़ रही है, सावन मास में पूर्व में ही किसान अपने अपने खेतों में धान बीज डाल दिया करते थे, लेकिन अच्छी बारिश नहीं होने से खेतो में धूल उड़ रही हैं, किसानों को डर सता रही है कि कही इस वर्ष भी सुखाड़ होने की स्थिति हो न जाए , वहीं किसानों ने काफी महंगे दामों से बिचड़े खरदकर अपने अपने खेतों मे लगाया है जो रंग फटने लगा है हालाकि कुछ किसान मोटर पंप से बिचड़ा को पटवन कर कुछ दिन बचाया लेकिन अब बचाने का संभावना नही लग रहा हैं । वही बारियातू प्रखंड मुख्यालय सहित साल्वे , टीटी, फुलशु, आमारवाडीह, गोनिया, डाढ़ा, व बालूभांग पंचायत के 56 गांव में मुख्य रूप से किसान फसल धान के साथ-साथ मक्का , टमाटर पर अत्यधिक आश्रित रहते हैं जिसमें 50 % किसान धान टमाटर व मक्का की खेती करके अपना जीवन यापन करते हैं , पर बारिश नहीं होने से पूरी तैयारियां धरी की धरी रह गई है । जो फसल धान, मक्का व टमाटर थोड़ा बहुत खेतो में लगी हुई हैं वो भी नस्ट होते दिख रही हैं।

### समस्या पहराटोली में एक मात्र चापाकल के भरोसे 200 आबादी

# जलमीनार चार महीने से पड़ा है बंद



**महुआडांड़। प्रतिनिधि**
प्रखंड के अंतर्गत पंचायत परहाटोली के ग्राम तुगटोली में पेयजल की भारी किल्लत से ग्रामीण परेशान हैं। गांव की आबादी लगभग 200 के बीच एकमात्र चापाकल मौजूद है। एक चापाकल में इतनी अधिक आबादी निर्भर होने से पानी के लिए लोग घंटो लाईन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं।

हालांकि 2023 मार्च महीने में जल जीवन मिशन स्कीम के तहत नल जल योजना अंतर्गत तुगंटोली गांव में तीन सोलर आधारित जलमीनार लगाए गए है. वहीं ग्रामीणों ने कहा, नये बोरिंग खोदकर सोलर सिस्टम जलमीनार तो खड़ा कर दिया गया, लेकिन पानी सप्लाई एक दिन भी नही कि गई, यह भी कहा कि बोरिंग 60 फीट व 80 फीट कि गई है, चापाकल खोदते ही पानी सूख गया है। हम लोगों के द्वारा ठेकेदार को यह बताएगा गया, लेकिन ठेकेदार हमारी बातों को नजरअंदाज का ड्राई बोरिंग में जलमीनार खड़ा कर दिया है।

#### क्या कहते हैं लोग

इस संबंध में परहाटोली पंसस निर्मला टोप्पो ने कहा कि पानी टंकी लगाए 4 महीने हो रहे हैं लेकिन पानी सप्लाई नहीं की गई, ग्रामीण हर रोज आकर शिकायत करते हैं, जब जलमीनार के ठेकेदार को मेरे द्वारा फोन किया गया तो बात करना भी मुनासिब नही समझा. पंचायत में लगे लगभग सभी जलमीनार की यही स्थिति है,अनियमितता और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।

## हिंडाल्को कंपनी ने मेगा हेल्थ कैंप का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड के चकला पंचायत सचिवालय सभागार में बुधवार को हिंडाल्को प्रा लि कंपनी (चकला कोल ब्लॉक) के सीएसआर द्वारा मल्टी स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप का उद्घघाटन कंपनी के वीपी बसंत कुमार ने किया। हेल्थ कैंप में डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में हड्डी रोग,शिशु रोग,स्त्री रोग व जेनरल फिजिसियन और स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम पहुंची हुई थी। शिविर में पहुंचे लोगों के स्वास्थ्य जांच के उपरांत दवा का भी वितरण किया। कंपनी के बसंत कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कंपनी इस तरह का आयोजन लगातार कर रही है। मौके पर कंपनी के एचआर हेड प्रकाश कुमार,सीएसआर डिपार्टमेंट के अशफाक खान,डॉ राहुल कुमार (रांची) चाइल्ड स्पेशलिट डॉ सुबोध कुमार (रांची) डॉ कुसुम (रांची) डॉ सौरभ कुमार मो इजहार,अजय मुंडा, अनुज मुंडा, जयनन्दन भगत, कयूम आलम सहित अन्य मौजूद थे।

### भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने कारगिल विजय दिवस मनाया

# सैनिकों के बलिदान को युवाओं को जानने की जरूरत है: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से नगर भवन, लोहरदगा में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार, डीएफओ अरविंद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सीडीआर रामा राव, ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो, डॉ टी साहू व अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा जिस समय कारगिल युद्ध हो रही थी उस समय हमलोग स्कूल में पढ़ रहे थे। हमें अखबार न्यूज चैनल रेडियो के माध्यम से कारगिल युद्ध की जानकारी मिलती थी। भारतीय सेना ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए कारगिल युद्ध को जीता। कारगिल



युद्ध भारत का स्वर्णिम इतिहास है। हमारे सैनिको के बलिदान की गाथा को आज के युवाओं को जानने की जरूरत है। नई पीढ़ियों को हमारे देश के जवानों की कुबार्नी को याद करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 1999 में कारगिल की लड़ाई में जब हमारे सैनिकों ने दुश्मन सेना पर विजय पायी तो देशभर में इसे उत्सव की तरह मनाया गया। वह बहुत ही कठिन समय था जब हमारी सेना दुश्मन से लोहा ले रही थी। इतनी ठंड में उतनी ऊंचाई पर जीवन बहुत ही कठिन है जहां हमारी सेना ने विजय पायी। हम सभी को कारगिल विजय दिवस के बारे अपने बच्चों को बताना चाहिए। शहीदों की वजह से ही आज देश में अमन व शांति बहाल है। आज हम आरामतलबी का जीवन जी रहे हैं तो वह शहीदों की वजह से ही है।

**प्रशिक्षण के दौरान भारतीय सेना के बारे जानने का मौका मिला**
उपायुक्त ने कहा कि सिविल सर्विसेज के प्रशिक्षण के समय पुंछ में भारतीय सेना के साथ रहने का मौका मिला तो इससे बहुत कुछ सीखा। उनके ऑपरेशन करने के तरीकों को जाना। उनसे संयम सीखा। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि शहीदों ने अपने जीवन में बहुत बड़ा त्याग किया। इसमें शहीदों के परिवारों का भी बहुत बड़ा योगदान है। सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार ने कहा कि कारगिल की लड़ाई दो महीनों से ज्यादा चली। कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें वीर चक्र विजेता धामा उरांव की पत्नी सुमंती देवी, शहीद विश्राम टाना भगत की पत्नी तारामनी देवी, शहीद मोहजन उरांव की पत्नी तित्र देवी और शहीद अंगनु लोहरा की पत्नी गुंजन लोहरा शामिल हैं। कार्यक्रम में मुन्नी देवी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षक शाहदेव उरांव, टी साहू, पूर्व सैनिक किस्टो कुजूर समेत बड़ी संख्या में सैनिका के परिवार उपस्थित थे।

# सभी को अपने जीवनकाल में 100 पौधे लगाने चाहिए : डीएफओ



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कुडू के अविराम बीएड कॉलेज में वन प्रमंडल लोहरदगा द्वारा वन महोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस माध्यम से कॉलेज के विद्यार्थियों और जागरूक नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण की उपयोगिता और प्रासंगिकता से परिचय कराया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकतम पौधों को लगाने और उनकी रक्षा के लिए प्रेरित किया गया। मानव जीवन के लिए पर्यावरण की रक्षा करने और अधिकतम पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीएफओ अरविंद कुमार ने कहा कि वन महोत्सव के माध्यम से पेड़ लगाने और इसे बचाने का संकल्प जन जन को लेना होगा। जागरूक होकर सभी लोगों को अधिकतम पेड़ पौधे लगाने की जरूरत है। पेड़ लगाने और बचाने के अभियान से पूरी दुनिया को बचाया जा सकता है। कहा कि वन महोत्सव की शुरूआत 1950 में केंद्रीय मंत्री कन्हैयालाल मुंशी ने किया था। कहा वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक नागरिकों को पेड़ लगाने में सीधी भागीदारी निभाने की जरूरत है।अरविंद कुमार ने कहा, बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों के जन्म दिवस पर न्यूनतम पांच पौधा लगाकर जन्मोत्सव मनाएं। बच्चों के वयस्क होने पर यह पेड़ उनके शिक्षा और वैवाहिक कार्यों में भरपूर मदद करेगा। कहा रोटी, कपड़ा और मकान से भी ज्यादा जरूरी हवा और पानी है। पर्यावरण संरक्षण से मानव जीवन को हवा और पानी मिल सकेगा।

### कारगिल विजय दिवस पर जागरुकता सह पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

# वीर सैनिकों को याद कर देश की सेवा में समर्पित रहें: किरण

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा कारगिल विजय दिवस, प्रधानमंत्री व्यय वंदना योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति आदि के अवसर पर गुमला, सिसई के ग्राम पंडरानी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जागरूकता रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य, स्वच्छता अभियान आदि का आयोजन हुआ। साथ ही मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई में आयोजित रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में विजयी 10 प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिसई की जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा, सिसई प्रमुख मीना देवी, सिसई प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जोहानी देवी, शिवनाथ पंचायत की मुखिया फ्लोरेंस देवी, पंडरानी गांव के सेना से सेवा निवृत और वर्तमान में समाजसेवी राम चरित्र सिंह, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन श्रीमती शोभा मुक्ता कुल्लू एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



तत्पश्चात कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का विधिवत स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने अंग वस्त्र और पौधा दे कर किया।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रुप में संबोधन करते हुए गुमला की ज़िला परिषद् अध्यक्षा किरण माला बाड़ा ने कहा कि आज हम कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों को नमन कर रहे हैं। हमें अपने सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए अपने देश की सेवा में समर्पित रहना है। उन्होंने कारगिल विजय दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला को सराहा और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि सिसई प्रखंड की प्रमुख मीना देवी ने राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने सिसई प्रखंड के बर्री गांव के वीर सपूत शहीद बिरसा उरांव और शहीद अगस्तुस एक्का को भी नमन किया। विशिष्ठ अतिथि सिसई प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सिसई जोहानी देवी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम समाज में अपनी पहचान बना सकते हैं । शिवनाथ पंचायत की मुखिया फ्लोरेंस देवी ने उपस्थित छात्राओं से अपील की कि वे भारत के वीर सपूतों के बलिदान से प्रेरणा लें। पंडरानी गांव के सेना से सेवा निवृत और वर्तमान में समाजसेवी राम चरित्र सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों को अपने महापुरुषों से अवगत होने एवं प्रेरणा लेने का अवसर मिलता है।
इससे पूर्व केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु कारगिल विजय दिवस मना रहे हैं।
,कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनू कुमारी, अनीता कुमारी, श्वेता मिंज, नीलिमा साहू, प्रमिला लकड़ा, संध्या लकड़ा, पल्लवी कुमारी, वसीम अंसारी के साथ कृष्णा साहू और प्रशांत केरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक अंजनी मिश्रा ने किया।

## संक्षिप्त

### उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया



**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। साथ ही, नवनिर्मित वेयरहाउस का भी अवलोकन किया गया। नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस ईवीएम व वीवीपैट के स्थानांतरण के लिए खोला गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, कोषागार पदाधिकारी अनिता थेलमा मिंज, राजनीतिक दलों में से भाकपा माले लिब्रेशन महेश कुमार सिंह, झारखण्ड पार्टी के पवन तिग्गा, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के बालमुकुंद लोहरा, आजसू पार्टी के अनिता देवी, कांग्रेस पार्टी के विशाल डुंगडुंग, भारतीय जनता पार्टी के पशुपतिनाथ पारस और राजद के प्रतिनिधि महिबुल्ला उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के बारे में जानना जरूरी: प्राचार्य



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 26 जुलाई का दिन भारतीय इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में कारगिल युद्ध के वीर जवानों व शहीदों का यशगान करता है। इसी दिन हमारे देश के सैनिकों ने पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल के युद्ध में उन्हें पराजय की धूल चटा कर विजय प्राप्त की थी। हम भारतवासी प्रतिवर्ष 26 जुलाई के दिन कारगिल विजय दिवस मना कर, युद्ध में शहीद हुए अपने वीर भारतीय सैनिकों को उनके बलिदान के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। बच्चों में अपने देश के वीर जवानों व मातृभूमि के प्रति प्रेम, श्रद्धा व सम्मान की भावना जागृत करने तथा वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कारगिल विजय से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शितेश कुमार पाठक तथा आरती कुमारी द्वारा कारगिल युद्ध पर हृदयस्पर्शी नाटक प्रस्तुत किया गया। इस
मौके पर प्राचार्य द्वारा कारगिल युद्ध की महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें वीर जवानों व शहीदों तथा अपने देश के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने हेतु कहा कि बच्चों को कारगिल युद्ध के वीर जवानों की वीर गाथा की जानकारी होना आवश्यक है।

### सर्पदंश से गर्भवती महिला की हुई मौत

**कुडू – लोहरदगा :** थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम बढकी चापी निवासी एक गर्भवती महिला को एक सांप ने डस लिया। घटना के बाद महिला को उपचार के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती किया गया, प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स ले जाने के दौरान उसकी हालत बिगड़ने पर कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घर मे बने शौचालय में बैठे एक विषैले सांप ने बढकी चापी निवासी खुर्शीद आलम की पुत्री सफराना खातून को डंस लिया। परिजनों ने बताया कि सफराना का विवाह ओड़िसा के सुंदरगढ़ जिले के वरमुंडा में हुआ था उसे एक दो वर्ष का पुत्र है जबकि वे 8 माह की गर्भवती थी। इस घटना के बाद महिला के पेट में पल रहे 08 माह के बच्चे की भी मौत हो गई। घटना से परिजनों और गांव में शोक का माहौल है।

# आदेशों का अनुपालन नहीं करने वाले ट्रैक्टर चालक और मालिक पर होगी कार्रवाई: शशि

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को/लोहरदगा**
जिले के अति सुदूरवर्ती एवं घोर नक्सल प्रभावित जोबांग थाना पुलिस इन दिनों अवैध रूप से बालू उत्खनन करने वालों के खिलाफ पूरी तरह से मुहिम चला रखी है, इसे लेकर क्षेत्र के ट्रैक्टर मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि जोबांग थाना पुलिस के द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से बालू धुलाई कर रहे ट्रैक्टर को जप्त किये जाने के बाद क्षेत्र में जो भी ट्रैक्टर चालक हैं सभी ट्रैक्टर मालिकों में जोबांग थाना पुलिस के एक्शन से हड़कंप मच गया है। इधर बुधवार को अवैध रूप से बालू की धुलाई कर रहे एक ट्रैक्टर को जोबांग



थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार के नेतृत्व में देवदरिया के समीप जप्त किया गया। मामले को ले थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने कहा कि बालू ढुलाई हेतु जबतक सरकार की ओर से आदेश प्राप्त नहीं होती है। ऐसे में आदेशों का उल्लंघन करते हुए चोरी चुपके अवैध रूप से बालू की ढुलाई करने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने कहा कि अवैध रूप से बालू उत्खनन करने वाले ट्रैक्टर मालिकों के विरुद्ध पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने कहा कि अवैध रूप से बालू उठाव कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि सरकार की ओर से बालू उठाव हेतु आदेश प्राप्त होने तक क्षेत्र में बालू का उठाव पूरी तरह से बंद रहेगी जो भी आदेशों का अनुपालन नहीं करेंगे वैसे ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डायन कुप्रथा उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के तत्वधान में डायन कुप्रथा उन्मूलन अभियान के तहत सेन्हा प्रखंड परिसर से जागरूकता रथ रवाना किया गया. रथ को सेन्हा प्रखंड परिसर से बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत एवं एल एस परमुनी देवी एवं अंगनी बेक के द्वारा संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया. रथ रवाना के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा राज्य सरकार के द्वारा डायन कुप्रथा,के प्रति जागरूकता अभियान प्रचार प्रसार के माध्यम से कराया जा रहा है. विभिन्न पंचायत गांव में ग्रामीणों के बीच नुकड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीण महिला पुरुष और युवा वर्ग को जगरूक किया जाएगा।

### अपील उपायुक्त की अगुवाई में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

# एक दूसरे के धर्म का हमेशा सम्मान करें: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को मुहर्रम-2023 को लेकर बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों के सहयोग की वजह से ही पूरे जिले में शांति व्यवस्था कायम है। विधि-व्यवस्था से जुड़ी राज्य स्तर की बैठकों में लोहरदगा जिला में विधि व्यवस्था की प्रशंसा होती है तो इसके लिए शांति समिति के सदस्य, पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारीगणों को इसका श्रेय जाता है। सिर्फ यही नहीं बल्कि प्रत्येक क्षेत्र में लोहरदगा जिला का नाम हो, यही प्रयास रहता है। बीते



एक वर्ष में जो विधि-व्यवस्था के क्षेत्र में काम हुआ है वह सचमुच प्रशंसनीय है। संविधान भी यही सिखाता है कि हम आपस में मिलजुल कर रहें और एक दूसरे समुदाय के धर्म का सम्मान करें। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि शांति समिति के सदस्य जिला में शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपनी भूमिका सही तरीके से निभा रहे हैं। आनेवाले त्योहारों को भी हमें जिम्मेवारीपूर्वक मनाये जाने की जरूरत है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश थाना प्रभारियों को दिये गये हैं। मुहर्रम में ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे के मदद से निगरानी रखी जायेगी।सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार ने कहा कि सिविल एडमिनिस्ट्रेशन के सहयोग के लिए सीआरपीएफ की टीम हमेशा तैयार व सजग है। सभी लोग शांति चाहते हैं। जिला शांति समिति की बैठक प्रारंभ के पूर्व विगत 18 जुलाई को दिल्ली विज्ञान भवन में जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व उनके टीम को भूमि सम्मान पुरस्कार 2023 से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किये जाने पर गौरवान्वित होकर कैरो जिला शांति समिति सद्स्य, प्रखंड 20 सूत्री सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी, नजीर आलम खान व सूरज मोहन साहू के द्वारा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सीआरपीएफ कमाण्डेन्ट और अनुमंडल पदाधिकारी को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। सदस्यों ने कहा कि देश के 09 राज्यो के सचिवो व 68 जिला कलेक्टरो में महामहिम के हाथों उपायुक्त व उनके टीम को यह पुरस्कार मिलना जिले के लिये गर्व की बात है।
बैठक में सभी प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं और मुहर्रम के अवसर पर लगने वाले मेले व निकाले जाने वाले जुलूस से अवगत कराया। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी थाना प्रभारी , सभी प्रखंडों के अधिकारी व शान्ति समिति के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

'जिंदगी में अपनेपन और एहसासों का बड़ा काम होता है, दूसरों के गमों को जो अपनाता है वही इंसान होता है, न जाने कब कौन अंधेरे में चिराग बनकर राह दिखा दे, क्योंकि मुसीबत में जो साथ होता है वही भगवान होता है।' – अज्ञात



# सरयू व भाजपा

*झारखंड* के पूर्व मंत्री व निर्दलीय विधायक सरयू राय की राजनीति को समझना मुश्किल है। दूसी तरफ आगामी लोकसभा चुनाव की बाबत अभी से लोकसभा चुनाव में बीजेपी का खेल बिगाड़ने की तैयारी में जुट गए हैं । पिछली बार रघुवर राय को धूल चटाकर भाजपा का खेल खराब कर दिया था। ऐसे में कहा जा रहा है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में झारखंड में बीजेपी की राह आसान नहीं दिखती है। विपक्ष की चुनौती तो बीजेपी के सामने होगी ही, बीजेपी से ही अलग हुए सरयू राय की पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा भी मैदान में चुनौती देते नजर आयेगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने नवगठित दल भारतीय जनतंत्र मोर्चा के टिकट पर तीन उम्मीदवार उतारने की तैयारी में हैं। उनके निशाने पर ये तीन सीटें हैं चतरा, धनबाद और पलामू। इन तीन सीटों से उम्मीदवार उतारने के पीछे अलग-अलग कारण माने जा सकते हैं। चतरा से फिलहाल बीजेपी के सांसद हैं सुनील सिंह। चतरा वैश्य बहुल क्षेत्र माना जाता है। साल 2014 और 2019 में सुनील सिंह को बीजेपी ने टिकट दिया और दोनों बार वे नरेंद्र मोदी की लहर का लाभ उठा कर जीत गए थे। इस बार चतरा के मतदाताओं में उनके प्रति खासा नाराजगी है। सुनील सिंह का टिकट तो 2019 में ही कटने वाला था, लेकिन किसी कारण से वैसा नहीं हो पाया। पर, इस बार उनका बेटिकट होना पक्का माना जा रहा है। चूंकि चतरा का इलाका वैश्य बहुल है, इसलिए बीजेपी की तैयारी झारखंड के पूर्व सीएम और संप्रति पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को चतरा से लोकसभा चुनाव लड़ाने की है। सरयू राय की रघुवर दास से दुश्मनी जगजाहिर है। माना जाता है कि पिछली बार सरयू राय को भाजपा ने विधानसभा का टिकट रघुवर दास की जिद को मानते हुए नहीं दिया था। तब सरयू राय ने अपना चुनाव क्षेत्र बदल दिया और रघुवर दास के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गये। खेल सबके सामने आया। धनबाद से अभी सांसद पीएन सिंह हैं। उनका लंबा राजनीतिक करियर रहा है। धनबाद सीट से वे तीन बार पार्षद और तीन बार विधायक रहे। तीसरी बार वे धनबाद लोकसभा सीट से सांसद हैं। उनकी बढ़ती उम्र को देखते हुए माना जा रहा है कि बीजेपी इस बार उन्हें टिकट नहीं देगी। धनबाद से सरयू राय की लंबे समय से नजदीकी बनी हुई है। वे अक्सर धनबाद के दौरे पर जाते हैं। उन्होंने अपने समर्थकों की खासा तादाद खड़ी कर ली है। बहरहाल, पीएन सिंह और सरयू राय के बीच अनबन भी रही है। इसलिए सरयू राय अपने मोर्चे के बैनर तले धनबाद से भी उम्मीदवार उतार सकते हैं। इन सब से अलग पलामू से अभी सांसद हैं झारखंड के पूर्व डीजीपी विष्णु दयाल राम (वीडी राम)। वे भारतीय पुलिस सेवा के अफसर रहे। मूलतः बिहार के बक्सर के रहने वाले वीडी राम पर सेवा में रहते कई गंभीर आरोप भी लगे थे। भाजपा ने उन्हें पहली बार 2014 में पलामू से टिकट दिया। वे जीत भी गए। फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने पलामू से जीत दर्ज की। उनके प्रति मतदाताओं में इस बार काफी गुस्सा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बीजेपी उनको भी इस बार बेटिकट करने वाली है। सरयू राय के नेतृत्व वाले भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ तिवारी का कहना है कि धनबाद, चतरा और पलामू सीटों पर मोर्चा के पास सशक्त उम्मीदवार हैं। झारखंड में पिछली बार सर्वाधिक वोटों से लोकसभा चुनाव जीतने वाले जो तीन नेता हैं, उनमें पीएन सिंह और वीडी राम भी हैं। सरयू राय भाजपा को सबक सिखाने के लिए तीनों सीटों से अपने उम्मीदवार उतारने का पक्का मन बना चुके हैं। अगर ऐसा हुआ तो भाजपा का खेल झारखंड में बिगड़ सकता है।

**इस बार चतरा के मतदाताओं में उनके प्रति खासा नाराजगी है। लोगों का मानना है कि सुनील सिंह ने क्षेत्र के लिए कोई काम नहीं किया है। उन्होंने जिस गांव को गोद लिया था, वहां के लोग इनके लापता होने का पोस्टर तक लगा चुके हैं।**

# मोदी को कितनी टक्कर दे पायेगा विपक्ष का गठबंधन





रमेश सर्राफ धमोरा

*पिछले नौ* वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को चुनौती देने के लिए कांग्रेस सहित देश के 26 विपक्षी दलों के नेताओं ने एक नये राजनीतिक गठबंधन बनाने की घोषणा की है। बेंगलुरू में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुए दलों ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के स्थान पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नाम पर एक नया गठबंधन बनाया है। विपक्ष के इंडिया गठबंधन के संयोजक की घोषणा अभी तक नहीं हो पाई है। विपक्ष का कहना है कि उनका इंडिया गठबंधन पहले के यूपीए की तुलना में अधिक मजबूत है। इसमें ऐसे राजनीतिक दल भी शामिल हैं जो अभी तक आपस में एक-दूसरे के विरोधी रहे हैं। कांग्रेस के धुर विरोधी रहे अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन में शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कट्टर विरोधी वामपंथी दल व कांग्रेस भी इंडिया गठबंधन में एक साथ शामिल हुए हैं। केरल में आमने-सामने चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस व वामपंथी दल एकजुट नजर आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, मराठा क्षत्रप शरद पवार, लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, अरविंद केजरीवाल, फारुख अब्दुल्ला, हेमंत सोरेन, एमके स्टालिन, सीताराम येचुरी, डी राजा, अखिलेश यादव, महबूबा मुफ्ती सहित बहुत से वरिष्ठ नेता शामिल है। इंडिया गठबंधन के पास अभी लोकसभा की कुल 142 सीटें हैं। मगर गठबंधन में शामिल 11 दलों का तो लोकसभा में एक भी सांसद नहीं हैं। इस गठबंधन में शामिल पार्टियों की अभी देश के 11 प्रांतों में सरकार चल रही है। जिनमें कांग्रेस की चार प्रदेशों कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश में वहीं जनता दल (यूनाइटेड) व राष्ट्रीय जनता दल की बिहार में, तृणमूल कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में, झारखंड मुक्ति मोर्चा की झारखण्ड में, आम आदमी पार्टी की दिल्ली व पंजाब में, द्रविड़ मुनेत्र कषगम की तमिलनाडु में, वामपंथी दलों की केरल में सरकार है। इंडिया गठबंधन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, आम आदमी पार्टी (आप), जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल (कमेरावादी), जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र (एमडीएमके), विदुथालाई चिरुथैगल कच्ची (वीसीके), कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके), मनिथानेय मक्कल काची (एमएमके), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (मणि), केरल कांग्रेस (जोसेफ) शामिल है। इंडिया

**केरल में भी कांग्रेस व वामपंथी दल आमने-सामने चुनाव लड़ते हैं। मगर देश के अन्य प्रदेशों में मिलकर चुनाव लड़ते हैं। ममता बनर्जी व अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस से केरल की तरह ही सामंजस्य चाहते हैं।**

**इन दिनों**

गठबंधन में शामिल कांग्रेस को छोड़ कर अन्य राजनीतिक दलों का अपने-अपने प्रदेशों में ही प्रभाव है। यदि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल अपने पुराने मतभेद भुलाकर एकजुटता से चुनाव लड़ते हैं और आपसी समझदारी से सीटों का बंटवारा कर भाजपा के समक्ष एक ही उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारते हैं तो निश्चित रूप से भाजपा को कड़ी चुनौती दे पायेंगे। हालांकि इंडिया गठबंधन में 26 राजनीतिक दल तो शामिल हो गये हैं। लेकिन उनमें अभी भी चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर संशय बरकरार है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि दिल्ली व पंजाब को कांग्रेस उनके लिए छोड़ दे। बदले में अन्य प्रदेशों में आप कांग्रेस के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारेगी। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में है जहां ममता बनर्जी चाहती है कि कांग्रेस व वामपंथी दल उनके खिलाफ चलाये जा रहे अपने राजनीतिक अभियानों को रोककर उनका सहयोग करें ताकि भाजपा को हराया जा सके। ममता बनर्जी का कहना है कि बंगाल में वैसे भी वामपंथी दलों व कांग्रेस का आधार समाप्त हो गया है। ऐसे में यदि वह तृणमूल कांग्रेस को सहयोग करते हैं तो पूरे बंगाल में विपक्षी दलों का प्रभाव बढ़ने से भाजपा का सफाया हो सकता है। पश्चिम बंगाल में 34 वर्षों तक लगातार वाम मोर्चे का शासन रहा था। वाम मोर्चे को हराकर ही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी बंगाल में सत्तारूढ़ हुई है। ऐसे में वामपंथी दलों को लगता है कि यदि उन्होंने पश्चिम बंगाल को ममता दीदी के हवाले कर दिया तो वहां उनका रहा-सहा जनाधार भी समाप्त हो जाएगा। केरल में भी कांग्रेस व वामपंथी दल आमने-सामने चुनाव लड़ते हैं। मगर देश के अन्य प्रदेशों में मिलकर चुनाव लड़ते हैं। ममता बनर्जी व अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस से केरल की तरह ही सामंजस्य चाहते हैं। बेंगलुरू मीटिंग के दिन ही भाजपा ने नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन की बैठक का आयोजन किया और उसमें छोटे बड़े मिलाकर 38 दलों के नेताओं को शामिल किया था। इतना ही नहीं उस बैठक में पूरे समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहे थे। केंद्र में दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद भाजपा ने शायद पहली बार एनडीए गठबंधन की बैठक बुलाई थी। भाजपा ने एनडीए की बैठक में ऐसे दलों को भी शामिल किया जो हाल ही में एनडीए से जुड़े थे। एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों के नेताओं की बातें सुनी और उन पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की बात भी कही। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है और उसका पूरे देश में प्रभाव भी है। ऐसे में कांग्रेस के नेता चाहेंगे कि इस गठबंधन की कमान कांग्रेस के हाथों में रहे। जिससे सभी दलों में समन्वय बनाकर आगे बढ़ा जा सके। वैसे भी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश राजनीतिक दल पहले से ही यूपीए में शामिल थे। जिसका नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही थी। हालाँकि अरविन्द केजरीवाल, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार जैसे नेता नहीं चाहेंगे कि कांग्रेस को नये बने गठबंधन की कमान मिले।

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा शिव पुराण की

*इसी संहिता* में 'सृष्टि खण्ड' के अन्तर्गत जगत का आदि कारण शिव को माना गया हैं शिव से ही आद्या शक्ति 'माया' का आविर्भाव होता हैं फिर शिव से ही 'ब्रह्मा' और 'विष्णु' की उत्पत्ति बताई गई है।

**शतरुद्र संहिता :** इस संहिता में शिव के अन्य चरित्रों-हनुमान, श्वेत मुख और ऋषभदेव का वर्णन है। उन्हें शिव का अवतार कहा गया है। शिव की आठ मूर्तियां भी बताई गई हैं। इन आठ मूर्तियों से भूमि, जल, अग्नि, पवन, अन्तरिक्ष, क्षेत्रज, सूर्य और चन्द्र अधिष्ठित हैं। इस संहिता में शिव के लोकप्रसिद्ध 'अर्द्धनारीश्वर' रूप धारण करने की कथा बताई गई है। यह स्वरूप सृष्टि-विकास में 'मैथुनी क्रिया' के योगदान के लिए धरा गया था। 'शिवपुराण' की 'शतरुद्र संहिता' के द्वितीय अध्याय में भगवान शिव को अष्टमूर्ति कहकर उनके आठ रूपों शर्व, भव, रुद्र, उग्र, भीम, पशुपति, ईशान, महादेव का उल्लेख है। शिव की इन अष्ट मूर्तियों द्वारा पांच महाभूत तत्व, ईशान (सूर्य), महादेव (चंद्र), क्षेत्रज्ञ (जीव) अधिष्ठित हैं। चराचर विश्व को धारण करना (भव), जगत के बाहर भीतर वर्तमान रह स्पन्दित होना (उग्र), आकाशात्मक रूप (भीम), समस्त क्षेत्रों के जीवों का पापनाशक (पशुपति), जगत का प्रकाशक सूर्य (ईशान), धुलोक में भ्रमण कर सबको आह्लाद देना (महादेव) रूप है।

**कोटिरुद्र संहिता :** कोटिरुद्र संहिता में शिव के बारह ज्योतिलिंगों का वर्णन है। ये ज्योतिलिंगों क्रमशः सौराष्ट्र में सोमनाथ, श्रीशैल में मल्लिकार्जुन, उज्जयिनी में महाकालेश्वर, ओंकार में अम्लेश्वर, हिमालय में केदारनाथ, डाकिनी में भीमेश्वर, काशी में विश्वनाथ , गोमती तट पर त्र्यम्बकेश्वर, चिताभूमि में वैद्यनाथ, सेतुबंध में रामेश्वर, दारूक वन में नागेश्वर और शिवालय में घुश्मेश्वर हैं।

*(क्रमशः)*

# मानव जीवन को बचाने के लिये प्रकृति संरक्षण जरुरी



ललित गर्ग

*विश्व प्रकृति* संरक्षण दिवस प्रत्येक वर्ष 28 जुलाई को मनाया जाता है। प्रकृति एवं पर्यावरण पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त होने के कारण इस दिवस की प्रासंगिकता बढ़ गयी है। आज चिन्तन का विषय न तो युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे. खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया, तकनीकी विकास एवं जीवनशैली पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं। इतिहास में पहली बार यूरोप में भीषण गर्मी, हीट वेव का होना और धरती के दोनों सिरों (अंटार्कटिक और आर्कटिक) पर एकसाथ तापमान में असंतुलन सामान्य घटना नहीं है। ये सब धरती के तापमान में असंतुलन और जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और यूरोप में हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है, जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कथित विकास की बेहोशी से दुनियां को जागना पड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से 'तीसरा ध्रुव' कहे जानें वाले हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघल रहे हैं। ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति 'लिटल आइस एज' के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है। लिटल आइस एज का काल 16वीं से 19वीं सदी के बीच का था। इस दौरान बड़े पहाड़ी ग्लेशियर का विस्तार हुआ था। वैज्ञानिकों की मानें, तो हिमालय के ग्लेशियर दूसरे ग्लेशियर के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं। विशेषज्ञों के एक अनुमान के अनुसार अंटार्कटिका के ग्लेशियर के पूरी तरह से पिघलने पर पृथ्वी की ग्रेविटेशनल पावर शिफ्ट हो जायेगी। इससे पूरी दुनिया में भारी उथल पुथल देखने को मिलेगी। पृथ्वी के सभी महाद्वीप आंशिक रूप से पानी के भीतर समा जायेंगे। भारी मात्रा में जैव-विविधता को हानि पहुंचेगी। पृथ्वी पर रहने वाली हजारों प्रजातियां भी खत्म हो जायेंगी। पृथ्वी पर एक विनाशकारी एवं विकराल स्थिति का उद्भव होगा। इसके साथ ही दुनियां भर में करोड़ों की संख्या में लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर माइग्रेट करना पड़ेगा। अर्थव्यवस्था और रहने लायक जगह पूरी तरह से तहस-नहस हो जायेगी। ग्लेशियर पिघलने का प्रभाव पृथ्वी की घूर्णन गति पर भी पड़ेगा। इससे पृथ्वी के दिन का समय थोड़ा ज्यादा बढ़ जायेगा। पीने लायक 69 प्रतिशत पानी ग्लेशियर के भीतर जमा हुआ है। उसके पिघलने पर ये शुद्ध पानी भी साल्ट वाटर में मिलकर पूरी तरह बर्बाद हो जायेगा।

**इतिहास में पहली बार यूरोप में भीषण गर्मी, हीट वेव का होना और धरती के दोनों सिरों (अंटार्कटिक और आर्कटिक) पर एकसाथ तापमान में असंतुलन सामान्य घटना नहीं है।**

**संरक्षण**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**

सिर्फ दरवाज़ों पर शुभ- लाभ लिखने से कुछ नहीं होगा !

शुभ विचार रखिए, अपने लिये भी और दूसरों के लिये भी,लाभ ही लाभ होगा।

# शिक्षकों के एक तिहाई पद खाली तो किसके भरोसे संस्थान



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

*देश* के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के समग्र रूप से 33 प्रतिशत से भी अधिक पदों का खाली होना हमारी उच्च शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख देने की लिए काफी है। मजे की बात यह है कि कई राज्यों के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में तो यह आंकड़ा 88 प्रतिशत तक पहुंच रहा है। यह कोई खयाली आंकड़ा नहीं है बल्कि केन्द्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा पिछले दिनों सूचना के अधिकार के तहत दी गई जानकारी में सामने आया है। यह और अधिक चिंतनीय इस मायने में हो जाता है कि इन आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे तो इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि किन्हीं केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में तो किसी विषय विशेष में एक भी प्रोफेसर न हों। क्योंकि विश्वविद्यालय हिन्दी, अंग्रेजी या गणित के भरोसे नहीं अपितु विश्वविद्यालयों में अनेक संकाय होते हैं। संकायों में भी अनेक विषय और विषयों में भी विशिष्ट अध्ययन अलग। आखिर उच्च अध्ययन जैसे गंभीर क्षेत्र को इस तरह किसके भरोसे छोड़ा जा रहा है तो दूसरी ओर हम स्तरीय शिक्षा व्यवस्था की किस आधार पर अपेक्षा करने जा रहे हैं। हालात ना केवल चिंतनीय है अपितु अपने आप में गंभीर भी है। एक ओर हम देश को विश्व गुरु बनाने का सपना देख रहे हैं, देश के शिक्षा के स्तर को विश्वस्तरीय बनाने की बात कर रहे हैं, दुनिया के 100-200 श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की सूची में अपने शिक्षण संस्थानों के नाम देखना चाहते हैं, वहीं हालात यह है कि उड़ीसा में केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 88.3 प्रतिशत पद रिक्त है। यह तो बानगी मात्र है। केन्द्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा सूचना के अधिकार के तहत दी गई जानकारी को ही आधार मानकर विश्लेषण करें तो पायेंगे कि देश के 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 30 प्रतिशत पद रिक्त हैं। हालांकि केरल और मिजोरम के हालात थोड़े ठीक कहे जा सकते हैं पर वहां भी करीब 15 फीसदी पद खाली हैं। जम्मू-कश्मीर में 53.9, त्रिपुरा में 50.3, मध्य प्रदेश में 47.9, कर्नाटक में 42.7, मेघालय में 42.6, उत्तराखंड में 41.9, दिल्ली में 35.9, झारखण्ड में 34.6 और हिमाचल में 33.6 प्रतिशत पद रिक्त चल रहे हैं। इसी तरह से अन्य प्रदेशों में भी रिक्त पद निश्चित रूप से होंगे। हालात जब ऐसे हों तो गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की बात बेमानी होगी। समग्र रूप से देखा जाये तो देश के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में 18956 पद स्वीकृत है, जिसमें से एक तिहाई यानी 6028 पद रिक्त हैं। हो सकता है कि आंकड़ों में उन्नीस-बीस का अंतर हो, पर यह तो साफ है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की संख्या बहुत अधिक है। जब केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के यह हालात हैं तो राज्यों द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के क्या हालात होंगे, यह किसी से छिपा नहीं है। सवाल है कि विश्वविद्यालय जिस उद्देश्य से खोले गये हैं यदि वहां पढ़ाने वाले, शोध कराने वाले ही नहीं होंगे तो फिर उनका क्या मतलब रह जाता है? फिर इन विश्वविद्यालयों से स्तरीय शोध और अध्ययन की अपेक्षा करने का भी कोई अर्थ नहीं रह जाता है। दरअसल शिक्षण संस्थान खोल देने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। हमारे सामने शिक्षा के हालात के अनेक उदाहरण सामने हैं। एक समय था एमबीए का जबरदस्त क्रेज रहा और एक के बाद एमबीए संकाय खोले गए और फिर आज हालात क्या है यह हमारे सामने है। इसी तरह इंजीनियरिंग कॉलेजों की देश में बाढ़ आ गई और आज हालात यह है कि इन कॉलेजों में अच्छी-खासी संख्या में सीटें खाली रहने लगी हैं।

**केन्द्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा सूचना के अधिकार के तहत दी गई जानकारी को ही आधार मानकर विश्लेषण करें तो पायेंगे कि देश के 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 30 प्रतिशत पद रिक्त हैं।**

**शिक्षा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)


# पेट में किसी भी तरह का इन्फेक्शन आंतों के कामकाज को प्रभावित कर सकता है : कपिल त्यागी

मानसून का मौसम गर्मी से राहत तो देता है लेकिन कई बीमारियां और इन्फेक्शन साथ लेकर आता है। इस सीजन में त्वचा, पेट और आंखों से जुड़ी बीमारियों के अलावा मच्छरों से फैलने वाले रोगों का ज्यादा रिस्क होता है। सबसे ज्यादा खतरा पेट और आंत के रोगों का होता है। बारिश के गंदे पानी में कई तरह के बैक्टीरिया, फंगस और वायरस होते हैं, जो पेट में पहुंचकर दस्त, कब्ज, एलर्जी, पेट फूलना या ब्लोटिंग, आईबीएस, गैस बनना, पेट दर्द आदि का कारण बनते हैं। नॉएडा के ई-260 सेक्टर 27 स्थित 'कपिल त्यागी आयुर्वेद क्लिनिक' के डायरेक्टर कपिल त्यागी के अनुसार, पेट में किसी भी तरह का इन्फेक्शन आंतों के कामकाज को प्रभावित कर सकता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए आंतों को स्वस्थ और मजबूत रखना जरूरी है। इसके लिए आप नीचे बताए उपाय आजमा सकते हैं।

**पर्याप्त नींद लें :** पेट और आंतों को स्वस्थ रखने और उसके कामकाज को बढ़ाने के लिए आपको रोजाना सात से आठ घंटे की नींद लेनी चाहिए। इस बात का ध्यान रखें कि नींद पूरी नहीं होने से गट माइक्रोबायोम यानी आंतों के बैक्टीरिया पर असर पड़ता है।

## कब्ज के लिए घरेलू उपाय

**जल्दी सोने से मिलेगा आंतों को आराम :** सिर्फ आठ घंटे सोना ही काफी नहीं है बल्कि यह भी जरूरी है कि आप जल्दी सो रहे है या नहीं। आप जितनी जल्दी सोने की कोशिश करेंगे पेट के बैक्टीरिया भी उतनी जल्दी ही शांत होंगे। जहां तक सोने के सही समय की बात है, तो रात करीब 10 बजे तक आपको सो जाना चाहिए।








**रोजाना हल्की एक्सरसाइज भी जरूरी :** एक्सरसाइज का आंतों के बैक्टीरिया पर असर पड़ता है। हफ्ते में तीन बार 30 से 90 मिनट तक एक्सरसाइज करने से आंतों को स्वस्थ और मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है।

**तनाव से बचें :** तनाव का सीधा बुरा असर आपके पेट पर पड़ता है। तनाव की वजह से पेट में कीड़े होने का खतरा होता है। इतना ही नहीं इससे गैस, एसिडिटी यहां तक की कब्ज होने का भी खतरा होता है। बेहतर है खुश रहने की कोशिश करें।

**विटामिन बी12 की कमी न होने दें :** पोषक तत्वों की कमी माइक्रोबायोम हेल्थ को प्रभावित करती है। खासकर विटामिन बी12 की कमी न होने दें। इसलिए अपने खाने में विटामिन बी12 से भरपूर चीजें जैसे सैल्मन, टूना, मांस, दही और फोर्टिफाइड सेरेल्स आदि का खूब सेवन करें।

**हाइड्रेट रहें :** पानी की कमी से सूजन हो जाती है। इसके अलावा कम पानी पीने से आपके पेट में जीआई इन्फेक्शन का खतरा बढ़ सकता है। इतना है नहीं कम पानी पीने से कब्ज का जोखिम होता है। आपको दस्त हो कब्ज, दोनों ही स्थितियों में पानी की कमी न होने दें।

# मेरे सिर पर पाँच-पाँच चुनाव हैं...



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

राजा जी से एक पत्रकार ने पूछा - आप बता रहे हैं कि यह मणिपुरी नंगी लड़की का वीडियो तो मई महीने का है। आपके पास सीबीआई जैसी खुफिया एजेंसी होने के बाद इतनी देरी से कैसे पता चला?

राजा जी ने कहा - पता तो हमें उसी समय चल गया था। उस समय कोई हंगामा ही नहीं बरपा तो बेफिजूल में हम क्यों छाती पीटे? भला कोई अपनी अंगुली से अपनी ही आँख फोड़ता है क्या?

पत्रकार ने पूछा - फिर अब मगरमच्छ आँसू बहाने की क्या जरूरत है? जैसे पहले चुप थे, अब भी चुप्पी साध सकते थे न? यदि आपको सच में उस लड़की से हमदर्दी है तो क्यों न एक बार मणिपुर चले जाते?

राजा जी मुस्कुराए और कहा - इसीलिए तुम पत्रकार हो और मैं राजा। मेरे आँसू बहाने और मणिपुर न जाने का कारण तुम्हें इस गाने के द्वारा बताता हूँ। ध्यान से सुनो -

**मेरे सिर पे पाँच-पाँच चुनाव हैं**
**थोड़ा ठहरो पत्रकारों अभी मजबूरियाँ हैं**
**मेरे सिर पे पाँच-पाँच चुनाव हैं**
**थोड़ा ठहरो पत्रकारों अभी मजबूरियाँ हैं**
**सब सेटिल होगा बस चुनाव भर की दूरियाँ हैं**
**मेरे सिर पे पाँच-पाँच चुनाव हैं**
**थोड़ा ठहरो पत्रकारों अभी मजबूरियाँ हैं**
**लम्बी-लम्बी ये फेंकू-फेंकू बातों में**
**काहे मणिपुरी लड़की रोती है चुनावों के बीच में**
**न आना तू लड़की मेरी चुनावी कैनवसिंग में**
**मेरे सिर पे पाँच-पाँच चुनाव हैं**
**थोड़ा ठहरो पत्रकारों अभी मजबूरियाँ हैं**
**देश-विदेश घूमते बदनामी के डर से मेरा दिल धड़के**
**मेरे पीछे पड़े हैं नोटबंदी, जीएसटी और अब मणिपुर के दंगे**
**देश-विदेश घूमते बदनामी के डर से मेरा दिल धड़के**
**मेरे पीछे पड़े हैं नोटबंदी, जीएसटी और अब मणिपुर के दंगे**
**एक दिन ये लुटिया डुबायेंगे यही सोचकर दिल धड़के**
**मेरे सिर पे पाँच-पाँच चुनाव हैं**
**थोड़ा ठहरो पत्रकारों अभी मजबूरियाँ हैं**
**मेरे सिर पे पाँच-पाँच चुनाव हैं**
**थोड़ा ठहरो पत्रकारों अभी मजबूरियाँ हैं**
**सब सेटिल होगा बस चुनाव भर की दूरियाँ हैं**

पत्रकार ने कहा - आपकी यह मजबूरी कभी खत्म नहीं होगी। यह देश चुनावों का देश है। यहाँ एक चुनाव खत्म होते कि नहीं दूसरा सामने आ खड़ा होता है। आपको आपकी मजबूरियाँ मुबारक हों।

# एक-एक अंग में ताकत भर देगा कच्चा लहसुन पुरुषों के लिए विज्ञान मानता है फायदेमंद

लहसुन से कई सारी बीमारियों का नाश किया जा सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पुरुषों के लिए लहसुन कितना फायदेमंद हो सकता है?

हमारे खाद्य पदार्थों में वो सारे औषधीय गुण होते हैं, जो किसी बीमारी को ठीक करने के लिए चाहिए। बस हमें उनके सही उपयोग के बारे में नहीं पता है। ऐसा ही एक फूड लहसुन है, जो पुरुषों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

**लहसुन खाने का सही तरीका :** आयुर्वेद मानता है कि इसमें एंटीसेप्टिक, एंटी बैक्टीरियल, एंटी वायरल और एंटी इंफ्लामेटरी गुण होते हैं। सुबह खाली पेट लहसुन की 2-3 कच्ची कली का सेवन करके बीमारियों को दूर किया जा सकता है। जिससे हर अंग स्वस्थ और ताकतवर बनेगा।

## ताकतवर पोषण से भरपूर

ताकत बढ़ाने के लिए प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व बहुत जरूरी हैं। इन सफेद कलियों में प्रोटीन, कार्ब्स, मैंगनीज, विटामिन बी6, विटामिन सी, सेलेनियम और फाइबर मिल जाता है।



## कभी नहीं पड़ेंगे बीमार

इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए भी लहसुन खाया जाता है। 2016 का एक शोध कहता है कि एज्ड गार्लिक एक्सट्रेक्ट लेने से खांसी-जुकाम जैसी आम बीमारी बहुत कम होती हैं। इस प्रक्रिया में एक खास लिक्विड के अंदर कलियों को भिगोकर 20 महीने तक स्टोर किया जाता है।

## पाचन बढ़ाने के लिए कैसे खाएं लहसुन?

बैड कोलेस्ट्रॉल, डाइजेशन और इम्यूनिटी में असरदार है लहसुन

## पुरुषों के लिए जरूरी है लहसुन

महिलाओं के मुकाबले पुरुषों को दिल की बीमारी का खतरा ज्यादा होता है। जिसका बड़ा कारण हाई ब्लड प्रेशर है। नियमित रूप से लहसुन खाने पर हाई ब्लड प्रेशर की दवा जैसा असर देखा गया है।

## बेहद बढ़ जाएगा स्टेमिना


इस जड़ी-बूटी को स्टेमिना बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। पुराने वक्त में ग्रीस के एथलीट इस उपाय का इस्तेमाल करते थे, ताकि थकान और कमजोरी दूर कर सकें।

## हड्डियों में भरेगा जान

हड्डियों की कमजोरी और दर्द से परेशान लोग इस उपाय को जरूर आजमाएं। कई शोध में देखा गया है कि महिलाएं लहसुन खाकर ऑस्टियोपोरोसिस और ऑस्टियोआर्थराइटिस का खतरा कम कर सकती हैं।

# इस नुस्खे से रातों-रात ठीक हो जाएगी बच्चे की खांसी

खांसी काफी पीड़ादायक होती है और बच्चों को खांसी हो जाए, तो और भी ज्यादा तकलीफ होती है। बच्चों को दवाएं कम ही देनी चाहिए और उनका घरेलू नुस्खों से इलाज करना चाहिए क्योंकि खांसी के घरेलू उपायों का कोई नुकसान नहीं होता है। अगर आपके बच्चे को भी बहुत दिनों से खांसी हो रही है और बच्चा खांस-खांस कर थक गया है, तो आप उसे शहद का एक नुस्खा दे सकती हैं। जी हां, कहते हैं कि शहद खिलाले से खांसी ठीक हो जाती है। जानते हैं कि इस बात में कितनी सच्चाई है और साथ ही यह भी जानेंगे कि किस उम्र के बच्चों को शहद दे सकते हैं और कितनी मात्रा में और किस समय बच्चों को शहद खिलाना चाहिए।



**क्या कहती है स्टडी :** साल 2007 में हुई एक स्टडी में पता चला है कि खांसी की गंभीरता को कम करने और बच्चों को अच्छी नींद लाने में हनी फ्लेवर्ड डेक्सट्रोमेथोरफन जितना ही शहद भी असरकारी होता है। शहद में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं। अगर आपके बच्चे को भी खांसी हो रही है, तो उसे शहद खिलाने में कोई बुराई नहीं है।

## बच्चों में सर्दी जुकाम और बलगम के घरेलू उपचार

**बच्चे को शहद कैसे खिलाएं :** एक साल से अधिक उम्र के बच्चों को 2 से 5 मिलीलीटर शहद दे सकते हैं। शहद म्यूकस को पतला कर के खांसी को कम करने का काम करता है। अगर आपके पास शहद नहीं है, तो आप कॉर्न सिरप भी दे सकते हैं। बाजार में मिलने वाले कफ सिरप से ज्यादा असरकारी शहद होता है। यह रात में खांसी उठने और गंभीर खांसी को भी ठीक कर सकता है।

**खांसी के लिए शहद देने का तरीका :** एनसीबीआई के मुताबिक एक साल से अधिक उम्र के बच्चों को रात को सोने से पहले 2.5 मिली शहद की सिंगल डोज दी जा सकती है। इसका मतलब है कि आप एक साल से अधिक उम्र के बच्चे को आधी से एक चम्मच शहद की दे सकते हैं।

**दवा से ज्यादा कारगर बताया :** एक स्टडी में 1 से 5 साल के ऊपरी श्वसन मार्ग में इंफेक्शन से ग्रस्त बच्चों को रात को सोने से पहले 2 चम्मच शहद दिया गया। शहद से बच्चों को रात को खांसी कम हुई और अच्छी नींद आई। यहां तक कि स्टडी में शहद को खांसी की दवाओं जितना ही असरकारी पाया गया। अब शहद सस्ता भी है और असरकारी भी इसलिए खांसी के लिए इसे ही बेस्ट घरेलू उपाय माना जाता है। लेकिन एक साल से कम उम्र के बच्चों को शहद नहीं देना चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6773

★★★½☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6772 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## दैनिक पंचांग

27 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.04 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कन्या | 09.16 बजे से |
| मंगल | सिंह में | तुला | 11.27 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 13.42 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 15.58 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 18.03 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 19.49 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 21.22 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 22.53 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | वृष | 00.33 बजे से |
| | | मिथुन | 02.31 बजे से |
| | | कर्क | 04.44 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 208 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल **तिथि** नवमी 15.48 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 01.28 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुभ 13.38 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 15.48 बजे तदनन्तर तैतिल 03.27 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 09.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 19' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871687 **जूलियन दिन** 2460152.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 08 **विशेष** डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7835



**बाएँ से दाएँ**

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करूणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4

**ऊपर से नीचे**

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

### शब्द पहेली -7834 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष राशि :** कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मिथुन राशि :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क राशि :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा।

**सिंह राशि :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**कन्या राशि :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**तुला राशि :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**वृश्चिक राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**धनु राशि :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभ राशि :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मीन राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।




## NEWS इन ब्रीफ

### ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला अदालत के उस आदेश के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई फिर से शुरू कर दी है, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को यह तय करने के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया गया था कि क्या वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद एक मंदिर पर बनाई गई थी। मंगलवार को मामले में दलीलें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने इसे बुधवार को आगे सुनवाई के लिए तारीख दी थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एएसआई सर्वेक्षण को बुधवार शाम 5 बजे तक रोकने के एक दिन बाद मंगलवार को मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने हाई कोर्ट का रुख किया था। समिति के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने चीफ जस्टिस दिवाकर के समक्ष मामले की शीघ्र सुनवाई की प्रार्थना करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत का आदेश बुधवार को समाप्त हो रहा है, इसलिए इस पर सुनवाई की तत्काल जरूरत है।

### जम्मू-कश्मीर सड़क दुर्घटना में 3 की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। हादसा मंगलवार देर रात हुआ। पुलिस ने बताया, "थाथरी से गंदोह जा रही एक निजी कार बम्बू में गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 14 वर्षीय लड़का घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।" घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### कोयला ब्लॉक आवंटन मामला : विजय दर्डा को चार साल कैद की सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विशेष अदालत ने छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन में अनियमितता से संबंधित मामले में पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा को 4 साल कैद की सजा सुनाई है। वहीं उनके बेटे देवेंदर दर्डा, मेसर्स जेएलडी यवतमाल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मनोज कुमार जयसवाल को भी स्पेशल कोर्ट की ओर से 4 साल कैद की सजा सुनाई गई है।

### लोस अध्यक्ष ने भारतीय सेवा के अधिकारियों को किया संबोधित, कहा

# समर्पण-सेवा भाव से कार्य करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोक सभा अध्यक्ष ने बुधवार को संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) की ओर से संसद भवन परिसर में भारतीय वन सेवा, भारतीय सूचना सेवा और भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि अखिल भारतीय सेवाओं का लक्ष्य देश के आर्थिक विकास के साथ-साथ नागरिक सेवा सुनिश्चित करना है। वन सेवा के सन्दर्भ में बिरला ने कहा कि देश की समृद्ध और विविधतापूर्ण वन संपदा और जैव विविधता को सुरक्षित रखते हुए देश के वनवासी समुदायों की विरासत और परंपराओं का संरक्षण करना इस सेवा के अधिकारियों का दायित्व है। यह विचार व्यक्त करते हुए कि सतत प्रबंधन के माध्यम से देश के पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने में भारतीय वन सेवा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत में पर्यावरण से संबंधित विमर्श में नेतृत्वकारी भूमिका का निर्वहन किया है। भारतीय सूचना सेवा के विषय में बिरला ने सुझाव दिया कि उन्हें सरकार की कल्याणकारी नीतियों और पहलों की जानकारी को जनता तक पहुंचाते हुए सरकार और जनता के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में सूचना के आदान -प्रदान की बड़ी भूमिका है, जिसमें भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। देश के आर्थिक विकास में प्रभावी गवर्नेंस की भूमिका का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि भारतीय कॉर्पोरेट विधि सेवा के अधिकारियों का दायित्व है कि वे कंपनियां और व्यवसाय आरम्भ करने और उनके कुशल संचालन की प्रक्रिया को अधिक से अधिक रूप से सरल और सुगम बनाएं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस सेवा की अर्थव्यवस्था की विश्वसनीयता और शक्ति को बनाए रखने में उल्लेखनीय भूमिका रही है। देश की प्रगति में उन्नत एवं नवीन टेक्नोलॉजी के प्रभावी सदुपयोग का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि जन केंद्रित और विकासोन्मुखी शासन व्यवस्था में टेक्नोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे जनता की समस्याओं के समाधान निकलते हैं और बेहतर परिणाम भी मिलते हैं। सुशासन, पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही पर जोर देते हुए बिरला ने अधिकारियों का आह्वान किया कि वे सम्पूर्ण समर्पण और सेवा भाव से अपना कार्य करें।

### लोकसभा स्पीकर ने अविश्वास प्रस्ताव को दी मंजूरी




कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ बुधवार को लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जिस पर चर्चा के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकृति प्रदान की। सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई द्वारा पेश इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वह सभी दलों के नेताओं से बातचीत करके इस पर चर्चा की तिथि के बारे में अवगत कराएंगे। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान बिरला ने कहा, मुझे सदन को सूचित करना है कि गौरव गोगोई से नियम 198 के तहत मंत्रिपरिषद में अविश्वास प्रस्ताव का अनुरोध प्राप्त हुआ है...कृपया आप (गोगोई) सदन की अनुमति प्राप्त करें। इसके बाद गोगोई ने कहा, मैं निम्नलिखित प्रस्ताव के लिए सदन की अनुमति चाहता हूं-यह सभा मंत्रिपरिषद में विश्वास का अभाव प्रकट करती है।

### ईडी निदेशक का कार्यकाल बढ़ाने की मांग पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर कर वर्तमान ईडी निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत के हालिया फैसले के अनुसार उनका कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त होने वाला है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया था। अदालत गुरुवार (27 जुलाई) को केंद्र के आवेदन पर सुनवाई के लिए सहमत हुई। एसजी मेहता ने अदालत से शुक्रवार से पहले केंद्र के विविध आवेदन पर सुनवाई करने का अनुरोध किया। पीठ ने मामले की सुनवाई गुरुवार अपराह्न 3:30 बजे तय की। सुप्रीम कोर्ट ने 11 जुलाई को दिए गए एक फैसले में 2021 में शीर्ष अदालत के फैसले का उल्लंघन करने के लिए ईडी प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के विस्तार को अवैध करार दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें 31 जुलाई तक पद पर बने रहने की अनुमति दी थी।

## बंगाल में डेंगू से हो चुकी है छह लोगों की हुई मौत



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में बारिश शुरू होते ही डेंगू का संक्रमण विकराल रूप लेता जा रहा है। एक दिन पहले मंगलवार को पता चला था कि डेंगू से गत शुक्रवार को एक बच्ची की मौत हुई थी जो इस सीजन राज्य में पहली मौत थी लेकिन बुधवार को पता चला है कि वह पहली नहीं बल्कि छठी मौत थी। राज्य में अब तक डेंगू से छह लोगों की मौत हो चुकी है। हैरानी यह है कि राज्य स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू संक्रमण के मामले में चुप्पी साध रखी है और मौतों के बारे में मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी जा रही।

गत 22 जुलाई शनिवार को एक 10 साल की बच्ची की मौत के बाद उसके मृत्यु प्रमाण पत्र पर डेंगू का उल्लेख होने के बाद जब मीडिया में खबर आई तब राज्य के स्वास्थ्य निदेशक सिद्धार्थ नियोगी ने कहा कि राज्य सरकार पूरे हालात पर नजर रख रही है। लोगों को और अधिक जागरूक होने की जरूरत है। हालांकि उन्होंने इस सवाल का कोई जवाब नहीं दिया कि डेंगू से होने वाली मौत के आंकड़े क्यों नहीं जारी किए जा रहे। राज्य स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि शनिवार को बच्ची की मौत से पहले शुक्रवार 21 जुलाई को डेंगी से तीन लोगों की मौत पहले ही हो चुकी थी। उसके दो दिन पहले फूल बागान के बीसी रॉय शिशु अस्पताल में एक नवजात बच्चे की मौत डेंगू की वजह से हुई थी जबकि डेढ़ हफ्ते पहले भी बारासात की एक किशोरी की मौत आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डेंगू की वजह से हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि फिलहाल पूरे राज्य में करीब ढाई हजार मरीजों में डेंगू संक्रमण की पुष्टि हुई है।

## केंद्र सरकार दिल्ली के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर चाहती है नियंत्रण

### मामला है सर्वोच्च न्यायालय में, लोकसभा में ला रही है बिल

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को लोकसभा में दिल्ली राज्य में सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित विधेयक को पेश करेंगे। यह विधेयक दिल्ली सेवा अध्यादेश की जगह लेगा। केंद्रीय कैबिनेट ने इस विधेयक को बीते मंगलवार को अपनी मंजूरी दे दी थी। यह विधेयक संसद से पारित हो जाने पर अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग समेत सेवा मामलों के अधिकार दिल्ली सरकार के पास से खत्म हो जाएंगे। मालूम हो कि इसके पहले केंद्र सरकार ने 19 मई को एक अध्यादेश जारी कर सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश को पलट दिया था, जिसमें दिल्ली सरकार को यह कार्यकारी शक्तियां दी गई थीं।

जब से केंद्र सरकार ने अध्यादेश जारी किया है तब से दिल्ली की केजरीवाल सरकार इसका विरोध कर रही है। इसको लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले दिनों मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष की एकजुटता के लिए पटना में हुई साझा बैठक में भी मुद्दा उठाया था और सभी दलों से इसके खिलाफ समर्थन मांगा था और मोदी सरकार को घेरने की अपील की थी। इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में विधेयक को मंजूरी दी गई। विवादास्पद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन अध्यादेश केंद्र सरकार द्वारा 19 मई को जारी किया गया था।

इससे एक सप्ताह पहले सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को सेवा से जुड़े मामलों का नियंत्रण प्रदान कर दिया था। हालांकि उसे पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि से जुड़े विषय नहीं दिये गए। शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण में थे। इस अध्यादेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण नाम का एक प्राधिकरण होगा, जो उसे प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करेगा और उसे सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा।

## देशभर में लागू होगा यूपी का हेल्थ मॉडल : डॉ. मांडविया



**एजेंसी। लखनऊ**

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए प्राईमरी एण्ड हेल्थ सेन्टर पर स्वास्थ्य मेला लगता है। जिसमें ढाई से तीन लाख गरीब लोगों का प्रति सप्ताह इलाज हो रहा है। इस मॉडल को हम देशभर में लागू करेंगे। ताकि सारे देश में हेल्थ मेला लगाया जाय। उक्त बातें केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को एक पत्रकारवार्ता में पत्रकारों से कही। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डिजिटल प्लेटफार्म वैक्सीनेशन के लिए बनाया गया है। गांव की आशा अपने मोबाइल पर देखकर बता सकती हैं कि कितने बच्चों का वैक्सीनेशन हो गया और कितने बच्चे बाकी हैं। इसी तरह जिला अस्पतालों के ऑपरेशन थियेटर को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ा गया है। ऑपरेशन थियेटर का कितना उपयोग हो रहा है। कितना ऑपरेशन हो रहा है। इसकी सूचना मिल जा रही है। उसे हम राष्ट्रीय स्तर पर लागू करेंगे । इसके अलावा ई रूपया हेल्थ सेक्टर में उपयोग करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है। मनसुख मांडविया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही उत्तर प्रदेश में क्रिटिकल केयर ब्लाक, डिस्टिक हेल्थ और ब्लाक लेवल हेल्थ यूनिट का शिलान्यास करेंगे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यूपी बड़ा राज्य है। राज्य में नैनो यूरिया का प्रचार हो रहा है। फटीर्लाईजसर का उपयोग कम हो। ताकि हमारी मिट्टी की सेहत बनी रही।

## बिजली के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों की पुलिस से झड़प, एक की मौत, दो गंभीर

**एजेंसी। कटिहार**

बिहार के कटिहार जिले के बारसोई में बुधवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहने के खिलाफ बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और जमकर हंगामा किया। आरोप है कि कार्यालय में तोड़फोड़ भी की गई। इस बीच पुलिस के साथ लोगों की झड़प हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस द्वारा गोली चलाई गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। इधर, बारसोई के अनुमंडल पुलिस अधिकारी प्रेमनाथ राम ने आईएएनएस से बातचीत में एक की मौत की पुष्टि की। उन्होंने पुलिस की गोली से मौत से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि आक्रोशित लोगों द्वारा पत्थरबाजी में मौत हुई है। जानकारी मिलते ही जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल की ओर रवाना हो गए।




### जी5 ने की मनोज बाजपेयी की फिल्म 'साइलेंस' के सीक्वल की घोषणा





**ओटीटी** मंच जी5 ने बुधवार को अभिनेता मनोज बाजपेयी की 2021 की थ्रिलर फिल्म 'साइलेंस' के सीक्वल की घोषणा की। सीक्वल का निर्देशन अबन भरुचा दियोहान्स करेंगी, जिन्होंने पहले भाग का भी निर्देशन किया था। फिल्म के निमार्ताओं ने एक बयान में बताया कि फिल्म में बाजपेयी एसीपी अविनाश वर्मा के अपने किरदार को दोहराएंगे, जिसने अब फिल्म निर्माण में भी कदम रखा है। बयान के मुताबिक, फिल्क की पटकथा गहरे रहस्यों से लबरेज और अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव से भरी हुई है। 54 वर्षीय अभिनेता ने एक बयान में बताया, "इस किरदार के लिए मुझे बहुत प्यार और सराहना मिली थी, जिससे मैं उत्साहित हूं और इसने मुझे इस नई फिल्म के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के वास्ते प्रेरित किया। एक अभिनेता के रूप में मैं खुद के लिए चुनौतियां तलाशता हूं और नए व अलग-अलग किरदार ढूंढता हूं ।

### मशहूर पंजाबी सिंगर सुरिंदर शिंदा का 64 साल की उम्र में निधन



**प्रसिद्ध** पंजाबी सिंगर सुरिंदर शिंदा, जिनकी सुरीली आवाज कई पीढ़ियों के दिलों को छूती है, का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को निधन हो गया। वह 64 साल के थे। दिग्गज सिंगर को लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी कुछ सबसे बड़ी हिट फिल्मों में 'जट्ट जियोना मोर', 'पुत्त जट्टां दे', 'ट्रक बनिलिया', 'बलबिरो भाभी' और 'कहेर सिंह दी माउट' शामिल हैं।

### 'गोल्डफिश' के साथ पर्दे पर कमबैक कर रही कल्कि कोचलिन




**एक्ट्रेस** कल्कि कोचलिन चार साल बाद 'गोल्डफिश' के साथ सिनेमाघरों में वापसी को लेकर उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि यह हास्य और दिल को छू लेने वाली भावनाओं से भरपूर एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म है। लंदन में शूट हुई 'गोल्डफिश' मेमोरी, म्यूजिक, मेंटल हेल्थ और आइडेंटिटी से संबंधित है। पुशन कृपलानी द्वारा निर्देशित फिल्म भारतीय-ब्रिटिश-अमेरिकी प्रोडक्शन पावरहाउस दीप्ति नवल, कल्कि कोचलिन और रजित कपूर को एक साथ लाती है, जिसमें यूके के कुछ कलाकार भारती पटेल, गॉर्डन वानेर्के, रविन गनात्रा और शनाया रफत शामिल हैं। कल्कि को आखिरी बार 2019 की हिंदी फिल्म 'गली बॉय' में देखा गया था, जिसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिका में थे। उन्होंने 2020 के तमिल एंथोलॉजी ड्रामा 'पावा कढ़ाइगल' में 'लव पन्ना उत्ट्रानम' सेगमेंट में पेनेलोप के रूप में भी अभिनय किया। 30 सितंबर, 2019 को कल्कि ने अपने बॉयफ्रेंड, इजरायली म्यूजिशियन गाइ हर्शबर्ग के साथ अपनी प्रेग्नेंसी की पुष्टि की। उनकी बेटी का जन्म 7 फरवरी, 2020 को वॉटर बर्थ के जरिए हुआ था। 'गोल्डफिश' में काम करने के अपने अनुभव और चार साल बाद सिनेमाघरों में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए कल्कि ने कहा, ₹मातृत्व और कोविड के चलते एक्टिंग से लंबे अंतराल के बाद इतनी खूबसूरत फिल्म 'गोल्डफिश' के साथ पर्दे पर वापस आना रोमांचक है।"

### उम्मीद भारत खुद बनाएगा 400 किमी. रेंज का एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम

# रूस से खरीदी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

### मिसाइल प्रणाली विकसित करने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के पाले में




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत अपनी 400 किलोमीटर श्रेणी की सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली विकसित कर रहा है। तीन स्तरीय लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली विकसित करने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के पास है और जल्द ही इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है। भारत ने फिलहाल रूस से पांच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदे हैं, जिनमें से तीन की आपूर्ति हो चुकी है।

रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) अपना स्वयं का 400 किलोमीटर लंबी दूरी का वायु रक्षा प्रणाली विकसित कर रहा है, जो रूस से लिए गए एस-400 सिस्टम के बराबर है। यह प्रस्ताव अग्रिम चरण में है और जल्द ही रक्षा मंत्रालय से मंजूरी दे दी जाएगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 2.5 बिलियन डॉलर है, जिससे भारत को हवा में दुश्मन की संपत्ति को मार गिराने की स्वदेशी क्षमता मिलेगी। मिसाइल प्रणाली में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की तीन परतें होंगी, जो विभिन्न दूरी पर लक्ष्य को भेद सकेंगी।

भारत ने पहले ही मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एमआर-एसएएम विकसित करने के लिए इजरायल के साथ काम किया है, जो 70 से अधिक किलोमीटर तक हवाई लक्ष्य पर हमला कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय प्रणाली रूस से हासिल की गई एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की श्रेणी में होगी और चीन एवं पाकिस्तान सीमा पर तैनात की जाएगी। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली का विकास कार्य तब हो रहा है, जब डीआरडीओ ने जमीन आधारित और युद्धपोत आधारित दोनों प्रणालियों के लिए वायु रक्षा हथियार विकसित करने के मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। एलआर-एसएएम परियोजना का नेतृत्व भारतीय वायु सेना करेगी, जो रक्षा हार्डवेयर में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक है। डीआरडीओ की एलआरएसएएम परियोजना शुरू किए जाने के बाद भारतीय नौसेना ने अपनी स्वदेशी एलआर-एसएएम प्रणाली का नाम बदलकर एमआर-एसएएम कर दिया है। सेना और वायु सेना ने पहले ही इसी तरह की स्वदेशी प्रणाली को एमआर-एसएएम नाम दिया था।

भारत और रूस के बीच हुए पांच स्क्वाड्रन एस-400 मिसाइल सिस्टम का यह सौदा 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। रूस अब तक भारत को तीन एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने बाकी हैं। रूस से मिली दो एस-400 स्क्वाड्रन को देश की उत्तरी और पूर्वी इलाकों में तैनात किया जा चुका है।

### तेली समाज शहीद चौक होते हुए मेन रोड तक निकाला विरोध मार्च

# भाजपा का दुःसाहस कतई बर्दाश्त नहीं : हरिनाथ




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार गुमला भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ने कहा था कि तेली समाज के नेतागण अवसरवादी, नकाबपोश और छुटभैये जैसे हैं। इस अपमान के खिलाफ झारखंड के विभिन्न जिलों से राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के नेतागण प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा था कि भाजपा माफी मांगे अन्यथा तेली समाज चरणबद्ध तरीके से भाजपा के खिलाफ विरोध कार्यक्रम करेगा परन्तु भाजपा ने अभी तक माफी नहीं मांगा। बुधवार को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन रांची के नेतृत्व में तेली समाज के सैकड़ों लोगों ने रांची जिला स्कूल शहीद चौक होते हुए मेन रोड तक आक्रोश विरोध पैदल मार्च करते हुए फिरायालाल चौक पर भाजपा का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह राँची ग्रामीण जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू ने किया। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू उपस्थित रहें। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि हमारा तेली समाज भाजपा को 99% वोट देता है और भाजपा भागीदारी देने के बजाय समाज को अपमानित करने का दुःसाहस कर रही है। यह कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रांची ग्रामीण के जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू ने कहा कि भाजपा अब भी माफी नहीं मांगती है तो निकट भविष्य में तेली समाज भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करेगा। भाजपा के पुतला दहन कार्यक्रम में कुंज बिहारी साहू, हरिनाथ साहू के साथ राम बिलास साहू, रेखा कुमारी, कपिल साहू, मुकुल नायक, मोती लाल नायक, विजय साहू, सोनू साहू, अजीत कुमार साहू, हीरा लाल साहू, डा. दानेश्वर साहू, पंकज साहू, बलदेव साहू, दिनेश साहू, बेनी साहू,रमेश साहू, अजय साहू, बिंदेश्वर साव, रवि साहू सहित सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के कार्यकर्ता शामिल रहें।

### आईपीसी की धारा 498ए का हो रहा दुरुपयोग : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने एक मामले कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (महिला के प्रति क्रूरता) मूल रूप से विवाहित महिलाओं पर पतियों या उनके रिश्तेदारों द्वारा की गई क्रूरता को दंडित करने के लिए बनाई गई थी लेकिन वर्तमान समय में इसका दुरुपयोग हो रहा है। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने बुधवार को कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां अदालतों ने धारा 498ए के दुरुपयोग और ऐसी शिकायतों में बिना वैवाहिक विवादों में पति के रिश्तेदारों को फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की थी। याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार, पत्नी की ओर से अधिवक्ता ललन कुमार सिंह और राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा।अदालत ने यह टिप्पणी एक महिला के पति के रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द करने की याचिका में सुनवाई के दौरान की।

# सरयू राय ने सीएम से पथ व पुल निर्माण के बारे में की बात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कहा है कि लिट्टी चौक, जमशेदपुर से एनएच-33 तक पुल एवं पथ निर्माण के बारे में अबतक ढंग से सूचना नहीं मिली है। यह स्थिति तब है जब उन्होंने वर्ष 2022 में झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भी इसके बारे में पथ निर्माण विभाग से जानकारी मांगी थी। अब विधायक ने इसे लेकर विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिकायत की है। पत्र में निर्दलीय विधायक ने कहा है कि सदन में जानकारी मांगे जाने पर भी प्रश्नों का गलत या भ्रामक उत्तर दिया जाना सदन को गुमराह करना है। यह विधानसभा की भी अवमानना है। सदन में प्रश्न पूछने वाले सदस्यों के विशेषाधिकार का हनन भी है। पथ निर्माण विभाग की अन्यमस्कता एवं पूर्ववर्ती तथा वर्तमान सरकार के स्तर पर गंभीरता के अभाव के कारण जमशेदपुर और मानगो का यातायात नियंत्रित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण योजना अधर में लटक गयी है। ऐसे में मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि विधानसभा के मानसून सत्र शुरू होने से पूर्व निर्धारित योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करें। योजना निर्माण की प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दें। सरयू राय का कहना है कि उन्होंने 23 मार्च को सदन में लिट्टी चौक, जमशेदपुर से एनएच-33 के लिए पथ निर्माण एवं पूल के संबंध में जानकारी मांगी थी। इस पर पथ निर्माण विभाग ने बताया था कि जहां तक लिट्टी चौक एनएच-33 के लिए पथ निर्माण एवं पुल का प्रश्न है, यह मार्ग रेखांकन पथ निर्माण विभाग के स्वामित्व का नहीं है, जिसकी संभाव्यता एवं निधि की उपलब्धता के अनुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सकेगी। सरयू के मुताबिक इस संबंध में उन्होंने कई बार पथ निर्माण सचिव से अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी मांगी पर नहीं मिली। यह कार्य नहीं होने से लोगों को इससे परेशानी भी होने लगी है। मुख्यमंत्री इसपर ध्यान देकर इस कार्य को पूरा करें। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### सीआईपी में एआई लैब और स्टीमुलेशन सेंटर का शुभारंभ



**रांची।** रांची के कांके स्थित केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान सीआईपी ने मानसिक रोगों के इलाज में बुधवार को नया प्रतिमान स्थापित किया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ बासुदेव दास ने देश के पहले एआई लैब और स्टीमुलेशन सेंटर का शुभारंभ किया। एआई लैब में इमरजेंसी के समय मनोरोगियों की देखभाल कैसे की जाए। इसकी स्टेट ऑफ द आर्ट फैशिलिटी मौजूद है। संस्थान का आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस लैब लेटेस्ट इइजी-टीडीसीएस सिस्टम से लैस है। वहीं, स्टीमुलेशन सेंटर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल करके क्लीनकल डिसीजन मेकिंग की प्रक्रिया को बेहतर बनाया जायेगा। सेंटर के प्रभारी डॉ उमेश ने बताया कि आनेवाला समय एआई का है। ऐसे में रोगियों के बेहतर इलाज के लिए बेहतर तकनीक चाहिए। एआई के जरिये जितना अच्छा डाटा सिस्टम में होगा, उतना ही बेहतर इलाज होगा। संस्थान के डायरेक्टर डॉ बासुदेव दास ने बताया कि अब तक देश के किसी चिकित्सा संस्थान में एआई से इलाज करने की सूचना नहीं है। सीआईपी में इसकी शुरूआत हुई है। समय के साथ इलाज में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ा है। यह उसी प्रक्रिया का हिस्सा है।

### कांग्रेस का मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हास्यास्पद : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी पर कड़ा प्रहार किया। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिसे जनता ने नेता प्रतिपक्ष के लायक भी नहीं समझा वे आज देश के विकास को समर्पित केंद्र सरकार के खिलाफ सदन में अविश्वास प्रस्ताव ला रही है, जो पूरी तरह से हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि एक और मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, वंचित समाज के लिए समर्पित है तो दूसरी ओर परिवारवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति में आकंठ डूबे आईएनडीआईए के लोग किसी भी प्रकार से सत्ता प्राप्ति के लिए बेताब हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता राम के अस्तित्व को नकारने वाले, देश के विभाजन को स्वीकार करने वाले, टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ खड़े होने वाले, सेना के पराक्रम पर प्रश्न खड़ा करने वाले, देश को 20 लाख करोड़ के घोटाले की सौगात देने वाले दलों को भली भांति समझ चुकी है।

### पुलिस की चुस्ती और सतर्कता से ही घटनाओं पर लगेगा अंकुश : मधुसूदन मोदक

**रांची।** डेली मार्केट के थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि पुलिस की चुस्ती और सतर्कता से ही किसी भी तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। मोदक बुधवार को थाने में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ बैठक में बोल रहे थे। थाना प्रभारी ने सभी उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को वरीय पुलिस अधीक्षक से मिले आदेशो निदेर्शों से अवगत कराते हुए त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सतर्कता बनाये रखने की हिदायत दी। थाना प्रभारी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्धारित समय पर गश्ती करने, रात्रि के समय मुस्तैदी के साथ डयूटी किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने गश्ती के दौरान अड्डेबाजी होने वाले स्थानों पर विशेष नजर रखने, बिना काम के इधर उधर घूमने और बैठे लोगो से पूछताछ करने तथा समय-समय पर एन्टी क्राइम चेकिंग करने का भी निर्देश दिया।

### रांची में सिटी बसों के लिए नए बस स्टैंड की तलाश शुरू

# नगर निगम व जिला प्रशासन को मिली अहम जिम्मेदारी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची वासियों को जल्द ही एक और बस स्टैंड मिलने वाला है। रांची में सिटी बसों के लिए नए बस स्टैंड की तलाश की जा रही है। इसके लिए नगर निगम और जिला प्रशासन के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वो इसके लिए उपयुक्त जगह ढूंढें। जानकारी के अनुसार आईटीआई बस स्टैंड के साथ जाकिर हुसैन के पास की खाली जमीन को भी बस स्टैंड के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन के पास सरकारी बस स्टैंड को सिटी बस स्टैंड बनाने की योजना है। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश ने बताया कि रांची में नौ बस स्टैंड बनाये जायेंगे।इसकी तैयारी चल रही है। जिन जगहों पर बस स्टैंड बनाये जायेंगे उन जगहों को चिन्हित की जा रही है। बताया जाता है कि आम लोगों की सुविधा के लिए रांची नगर निगम द्वारा शहर में अब 244 नई सिटी बसों का संचालन करने की तैयारी में जुट गया है। बसों के संचालन के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। जल्द ही निगम बसों को चलाने की तैयारी शुरू करेगा। इन बसों की खरीदारी पीपीपी मोड पर प्राइवेट एजेंसी के जरिए की जाएगी। प्राइवेट एजेंसी के साथ मिलकर निगम बसों को चलाएगा। इसका रूटमैप रांची नगर निगम तैयार करेगा। जो भी प्राइवेट एजेंसी शहर में सिटी बस की खरीदारी करेगी, निगम से उसको परसेंटेज के आधार पर शेयर भी दिया जाएगा। बस का संचालन और मेनटेनेंस की सारी जिम्मेवारी एजेंसी की होगी। रांची नगर निगम उसे सिर्फ रूट निर्धारण करके देगा।

# सरला बिरला स्कूल में कारगिल दिवस मना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। छात्रों ने युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया। उन्होंने युद्ध के मोर्चे पर ऑपरेशन विजय के बहादुर सैनिकों की वीरता को नमन करते हुए उनकी याद में देशभक्ति कविताएं पढ़ीं तथा देशभक्ति से संबंधित स्लोगन लिख कर राष्ट्र और राष्ट्र के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने ऐसी सभाओं के संचालन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को इन बहादुर नायकों के नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें सिद्धांतों और मूल्यों के साथ जीवन जीने के लिए भी प्रेरित किया।

# एटीएस को छापामारी के दौरान संसाधन मुहैया कराने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
छापेमारी के दौरान आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) को वाहन, ईंधन सहित किसी अन्य प्रकार के संसाधनों की कमी ना हो इसके लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आईजी प्रोविजन प्रभात कुमार ने सभी जिले के एसएसपी और एसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि एटीएस की टीम राज्य में कहीं भी छापेमारी में जाती है, तो उनके वाहनों में आवश्यकता पड़ने पर संबंधित जिले के एसएसपी और एसपी ईंधन की आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही छापेमारी के दौरान एटीएस को जरूरत के अनुसार सभी संसाधन मुहैया कराए जाएं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

### मौलाना तहजीबुल हसन ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा-

# इमामे हुसैन का मकसद जुल्म का खात्मा करना


मौलाना तहजीबुल

**रांची।** मोहर्रम के सातवीं पर मस्जिद जफरिया में जिक्र शहीदाने कर्बला की मजलिस को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि आज जमाना हमसे पूछ रहा है कि इमामे हुसैन का मकसद क्या था। इमामे हुसैन का मकसद जुल्म का खात्मा करना था, इमामे हुसैन का मकसद मजलूम की मदद करना, इमामे हुसैन का मकसद बेसहारों को सहारा देना। इमाम हुसैन का मकसद यतीम, बेवा, मिसकीन को खुले दिल से बगैर जात, पात, बिरादरी, मजहब के उसके काम आना। यही तो मकसद हुसैनी है। इमामे हुसैन के इस मकसद से दुनिया के किसी भी धर्म को इंकार नहीं है। धर्म कोई भी हो वह बुराई से रोकता है। अच्छाई का संदेश देता है। इमामे हुसैन की किसी एक मजहब या धर्म की रहनुमा (लीडर) का नाम नहीं, बल्कि इंसानियत के रहनुमा का नाम इमाम हुसैन है। रहनुमा के भरे घर को यजीदियत और यजीद मिजाज लोगों ने 3 दिन का भूखा प्यासा कर्बला में शहीद कर दिया। शाहिद होने वालो में 6 महीने का बच्चा अली असगर भी था। जो हुरमुला का तीर खाकर मुस्कुराता हुआ दुनिया से रुखसत हो गया और जमाने को संदेश दिया कि सच्चाई के लिए जान देना शहादत है। आज मस्जिद जाफरिया में उसी हजरत अली असगर की याद में झूला निकाला गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**अब राज्यपाल को सिर्फ हिंदी में...**
नहीं आ रहे हैं, यह उनको तय करना है कि बैठक में शामिल हों या ना हों। बैठक में आते तो अच्छा रहता। इससे पहले स्पीकर ने अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर तैयारियों का भी जायजा लिया। इसमें राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह सचिव अविनाश कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक सरयू राय, कमलेश सिंह, अमित यादव और आजसू विधायक लंबोदर महतो ने भाग लिया।

**शिक्षकों केस्कैंडल्स से हैरान...**
प्रबंधन की जेनरल बॉडी की बैठक बुलाई गई है। मंगलवार को ही रांची के पिठौरिया के एक स्कूल के शिक्षक द्वारा छात्राओं से छेड़खानी की घटनाओं से गुस्साए लोगों ने थाने का घेराव कर दिया था और सड़क जाम कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक जगन्नाथ मिश्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बीते 24 जुलाई को सिमडेगा कॉलेज में कांट्रैक्ट पर कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर अशोक बड़ाईक को अपनी ही ममेरी बहन से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया। धनबाद में एक टीचर अपनी छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता रहा और विरोध करने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। छात्रा के पिता की एफआईआर पर पुलिस ने आरोपी टीचर शाहरूख अली को गिरफ्तार कर बीते हफ्ते जेल भेजा। साहिबगंज के बरहेट में एक छात्रा की यौन प्रताड़ना के आरोपी स्कूल प्रधानाध्यापक मो. शमशाद को स्थानीय लोगों ने शनिवार को बुरी तरह पीटा। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे भीड़ के कब्जे से मुक्त कराया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। विभाग ने भी उसे सस्पेंड कर दिया है।

**न्यायालयों में चल रहे कुछ मामलों से...**
सेवाओं पर नियंत्रण वापस लेने के संबंध में कानून बना सकती है। इस मामले को लेकर दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने कई विपक्षी दलों से समर्थन मांगा था। कांग्रेस ने भी इस मामले में आम आदमी पार्टी का समर्थन किया है।

**राहुल गांधी की सदस्यता का मामला :** 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार में रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि सभी चोरों के उपनाम मोदी ही क्यों है? इसी वाक्य से आहत होकर गुजरात सरकार में पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता पूर्णेश मोदी ने सूरत कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कर दिया था। मानहानि केस में सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई। इसके अगले दिन ही राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई थी। राहुल गांधी ने सूरत कोर्ट के फैसले के खिलाफ गुजरात हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की। गुजरात हाईकोर्ट ने भी सूरत कोर्ट के फैसले को सही मानते हुए फैसले को बरकरार रखा। राहुल गांधी की ओर से इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। मानहानि केस में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई शुरू कर दी है। फिलहाल राहुल गांधी जमानत पर बाहर हैं। बता दें कि अगर राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिलती है तो राहुल गांधी 2031 तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद कांग्रेस इस मुद्दे को 2024 चुनाव में इस्तेमाल कर सकती है। कांग्रेस विपक्षी एकता को मजबूत कर बीजेपी पर जोरदार हमला कर सकती है। कांग्रेस को इस मामले में लोगों से सहानुभूति की उम्मीद है।

**आर्टिकल 370 पर सुनवाई जारी :** केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को संसद में जम्मू-कश्मीर से जुड़े अनुच्छेद-370 को निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा छिन गया। विशेष राज्य के तहत रक्षा, विदेश, वित्त और संचार मामलों को छोड़कर भारत के किसी भी कानून को लागू करने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार बाध्य नहीं होती थी। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 निरस्त करने के अध्यादेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में 20 याचिकाएं दाखिल की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच इस मामले की सुनवाई 2 अगस्त से शुरू करेगी। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर कहा है कि आतंकवाद पर कंट्रोल के लिए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म किया गया। केंद्र ने कहा कि आर्टिकल-370 हटने के बाद आतंकी नेटवर्क पूरी तरह से तबाह हो गया है। कश्मीर में पत्थरबाजी की घटना अब अतीत का हिस्सा है। आर्टिकल-370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला 2024 की सियासत बदल सकता है। बीजेपी इस मुद्दा को आगामी लोकसभा चुनाव में भुनाने की कोशिश करेगी। जनसंघ के समय से ही पार्टी मैनिफेस्टो में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने का मुद्दा शामिल रहा है। वहीं विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार का विरोध कर रही है। विपक्ष का कहना है कि आर्टिकल-370 को जिस तरह से हटाया गया है वह प्रक्रिया गलत है।

**जातीय जनगणना मामला :** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना का आदेश दिया था। इसका सर्वे भी शुरू हुआ था लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने इस पर रोक लगा दी।उच्च न्यायालय में इस मुद्दे पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। जल्द ही इस मामले में न्यायालय अपना फैसला सुना सकता है। यह फैसला भले की किसी पक्ष में आए लेकिन यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में जाना तय माना जा रहा है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद यह मुद्दा उत्तर भारत की राजनीति में उबाल ला सकता है। विपक्षी गठबंधन इस मुद्दे पर सरकार को घेरना चाहता है। केंद्र सरकार ने जुलाई 2022 में संसद में कहा था कि वह जातीय जनगणना नहीं कराएगी। जातीय जनगणना का मुद्दा अन्य पिछड़ा जातियों पर सीधे तौर से प्रभाव डालता है। सीएसडीएस के मुताबिक 2014 में ओबीसी समुदाय का 34 प्रतिशत और 2019 में 44 प्रतिशत वोट बीजेपी को मिला था। हिंदी हार्टलैंड में ओबीसी समुदाय का दबदबा है और जिस भी गठबंधन को ओबीसी समुदाय का समर्थन मिलेगा उस पार्टी का लोकसभा चुनाव जीतना तय माना जाएगा। राजनीतिक पार्टियों का कहना है कि जातीय जनगणना से वेलफेयर स्कीम को लागू करने में आसानी होगी। वहीं जानकारों का मानना है कि इससे आरक्षण का स्ट्रक्चर प्रभावित हो सकता है। जातीय जनगणना के बाद ओबीसी जाति आरक्षण में अपनी दावेदारी बढ़ाने की मांग कर सकती हैं।

# 'आयरन के निष्पादन मामले में सरकार से नहीं मिला जवाब'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट ने सारंडा के जंगल में आयरन ओर (लौह अयस्क) के खनन एवं उसके ट्रांसपोर्टेशन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए विधायक सरयू राय की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा गया था कि उसे निष्पादित करने की क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है लेकिन इस पर बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकार का कोई शपथ पत्र नहीं आया। सरकार की ओर से समय की मांग की गई, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह सितंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
अतिअल्पकालीन–सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवाला रोड़ नदी किनारे श्रावणी मेला का आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है। जिसका खुली डाक दिनांक 02.08.2023 को 12.00 बजे अपराह्ण में मेदिनीनगर नगर निगम में होगी।
डाक की शर्तें
1. डाक बोलने की जमानत के रूप में 2000/- रू0 (दो हजार रू0) नगर निगम के कैशियर के पास एक घण्टा पूर्व जमा करनी होगी। जो व्यक्ति जमानत की राशि जमा करेगा वही डाक में भाग लेगे। जो डाक समाप्ति के बाद प्रथम एवं द्वितीय डाकवक्ता को छोड़कर बाकी डाक बोलने वाले व्यक्ति को वापस कर दी जाएगी। जमानत के रूप में चेक स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. यदि सर्वोच्च डाकवक्ता तीन दिनों के अन्दर डाक की राशि जमा नहीं करते है तो क्रमशः द्वितीय स्थान के व्यक्तियों से डाक की राशि जमा कराकर उनके साथ मेला की बन्दोवस्ती कर दी जाएगी और प्रथम स्थान के डाकवक्ता का दावा रद्द कर दिया जाएगा एवं जमानत की राशि जप्त कर ली जाएगी तथा वे अगले तीन वर्शों तक नगर निगम में होने वाले डाक में भाग नहीं ले सकेंगे।
3. बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति को नगर पर्षद के शर्तों के अनुरूप एकरारनामा करना होगा। इसके बाद ही वसूली हेतु प्राधिकार पत्र निर्गत किया जाएगा।
4. किसी डाक को स्वीकृति अथवा अस्विकृति करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम
PR 303295 District(23-24)D

# हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय जूनियर महिला टीम का किया ऐलान




**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने बुधवार को 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की जो 18 से 23 अगस्त तक जर्मनी के डसेलडोर्फ में 4 देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारत टूर्नामेंट में इंग्लैंड, स्पेन और मेजबान जर्मनी के खिलाफ खेलेगा, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक सैंटियागो, चिली में खेले जाने वाले महत्वपूर्ण 2023 महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा। टीम का नेतृत्व प्रतिभाशाली डिफेंडर प्रीति करेंगी और कुशल मिडफील्डर रुतुजा दादासो पिसल उपकप्तान होंगी। दौरे को लेकर भारतीय महिला जूनियर टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा, चार देशों का टूर्नामेंट हमारी टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर फिर से अपनी योग्यता साबित करने और अभ्यास सत्रों से हमारी सीख को लागू करने का एक शानदार अवसर होगा। इसके अलावा, टूर्नामेंट हमारी रणनीति को सुधारने और दुर्जेय विरोधियों के खिलाफ हमारी क्षमताओं का आकलन करने का एक आदर्श अवसर प्रदान करेगा।

यह आयोजन जूनियर विश्व कप के लिए हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, सुधार के क्षेत्रों को इंगित करने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में काम करेगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह टूर्नामेंट हमारे प्रदर्शन को ऊपर उठाएगा और हमें आत्मविश्वास के साथ आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाएगा।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर :** माधुरी किंडो, खुशबू।
**डिफेंडर्स :** प्रीति (कप्तान), रोपनी कुमारी, अंजलि बरवा, नीलम, थौनाओजम निरुपमा देवी।
**मिडफील्डर :** रुतुजा दादासो पिसल (उपकप्तान), मंजू चोरसिया, साक्षी राणा, सुजाता कुजूर, भूमिक्षा साहू, ज्योति सिंह, महिमा टेटे, हिना बानो।
**फॉरवर्ड :** अन्नू, दीपिका सोरेंग, सुनेलिता टोप्पो, काजल सदाशिव अतपडकर, मुमताज खान।

महिला विश्व कप 2023

## जापान ने कोस्टा रिका को हराकर जीत दर्ज की



**एजेंसी। डुनेडिन (न्यूजीलैंड)**

जापान बुधवार को 2023 फीफा महिला विश्व कप में लगातार मैच जीतने वाली पहली टीम बन गई, क्योंकि उन्होंने ग्रुप सी में नाओमोतो हिकारू और फुजिनो आओबा के त्वरित गोलों की बदौलत कोस्टा रिका को 2-0 से हराया। अपने शुरूआती मैच में जाम्बिया को 5-0 से करारी शिकस्त देने के बाद, जापान ने बुधवार के मुकाबले में पूरे जोश के साथ प्रवेश किया, जबकि कोस्टा रिका को अपने पहले मैच में स्पेन ने 3-0 से हराया था। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों टीमें पहले केवल एक बार आधिकारिक मैच में भिड़ी थीं, जहां जापान 3-0 से विजेता बनकर उभरा था। जापान ने तीन मिनट के अंतराल में काम पूरा कर लिया, क्योंकि 25वें मिनट में नाओमोतो ने बॉक्स में घुसकर बाएं पैर से गोल किया, जबकि इसके दो मिनट बाद ही फुजिनो ने गोलकीपर को एक मुश्किल एंगल से पराजित किया। जापान अब अगले सोमवार को वेलिंग्टन में स्पेन से भिड़ेगा।

# भारत की पुरुष हॉकी टीम पहले मैच में स्पेन से हारा




**एजेंसी। बार्सिलोना (स्पेन)**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार रात यहां स्पेनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इंटरनेशनल टूर्नामेंट (टोरनेओ डेल सेंटेनारियो) के अपने शुरूआती मैच में जुझारू प्रदर्शन किया, लेकिन मेजबान स्पेन ने करीबी मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल की। पाउ क्यूनिल (11') और जोकिन मेनिनी (33') ने मेजबान टीम को आगे कर दिया था जिसके बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह (59') ने भारत के लिए गोल किया। भारत ने पहले क्वार्टर में जोरदार दबाव के साथ मैच की आक्रामक शुरूआत की लेकिन बढ़त लेने में असफल रहा। इस बीच, पहला क्वार्टर आगे बढ़ने के साथ मेजबान स्पेन ने गति पकड़नी शुरू कर दी और इसका फायदा उन्हें तब मिला जब 11वें मिनट में पाउ क्यूनिल ने नेट पर गोल करके मेजबान टीम को आगे कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में कब्जा नियंत्रित करने और बराबरी की तलाश में जवाबी हमला करने की कोशिश की, लेकिन स्पेन के डिफेंस ने उन्हें रोकने के लिए मजबूत प्रदर्शन किया, क्योंकि दूसरा क्वार्टर गोलरहित समाप्त हुआ, आधे समय तक स्पेन 1-0 से आगे था। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत भारतीय टीम द्वारा बेरहमी से आक्रमण करने और बार-बार स्पेन की रक्षा का परीक्षण करने के साथ हुई; हालाँकि, मेजबान टीम ने न केवल भारत को रोके रखा, बल्कि जोकिन मेनिनी (33') के माध्यम से अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया, जिन्होंने जोस बास्टरा के बिजली के शॉट को डिफलेक्ट कर गोल में पहुंचा दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद, भारत ने स्पेन पर लगातार दबाव बनाने के लिए गियर बदला और पेनल्टी कॉर्नर भी जीता, लेकिन इसका फायदा उठाने में असमर्थ रहा। इसके अलावा, स्पेन के गोलकीपर ने तीसरे क्वार्टर के अंत में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह के तेजतर्रार शॉट को बचाकर यह सुनिश्चित कर दिया कि स्पेन मैच के अंतिम 15 मिनट में दो गोल की बढ़त के साथ प्रवेश करे। मैच में वापसी करने के अपने प्रयास में, भारत ने चौथे क्वार्टर में जोरदार प्रदर्शन किया और स्कोरिंग के कुछ अच्छे अवसर बनाए, लेकिन फिर भी उन्हें पहला गोल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इस बीच, स्पेन ने जवाबी हमला करना शुरू कर दिया और बैक-टू-बैक पेनल्टी कॉर्नर जीते, लेकिन उनमें से किसी को भी गोल में बदलने में असमर्थ रहा।

## वार्नर ने ओवल से संन्यास लेने की अफवाहों को खारिज किया



**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने उन अफवाहों को खारिज कर दिया है कि वह ओवल में पांचवें और अंतिम एशेज 2023 टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। वार्नर की सेवानिवृत्ति की अटकलों को तब हवा मिली जब वॉन ने फॉक्स क्रिकेट को बताया कि उन्होंने ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट के दौरान फुसफुसाहट सुनी थी कि अंतिम एशेज मुकाबला लाल गेंद प्रारूप में बाएं हाथ के खिलाड़ी का आखिरी मैच होगा। विशेष रूप से, 36 वर्षीय बल्लेबाज ने पिछले महीने अगली गर्मियों में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला के बाद संन्यास लेने की अपनी योजना की घोषणा की, जिसका समापन सिडनी में नए साल के टेस्ट के लिए घरेलू विदाई के साथ होगा। अब वह इस सप्ताह घर से दूर अपना अंतिम टेस्ट खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जब रोमांचक एशेज श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट गुरुवार से ओवल में होगा। जब वार्नर से पूछा गया कि क्या उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति योजनाओं में बदलाव करने पर विचार किया है, तो उन्होंने कहा, नहीं, बिल्कुल नहीं।

उन्होंने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में यह आपके दिमाग से नहीं जाता है। आपके दिमाग से गुजरना वास्तव में वहां जाना है और जितना हो सके उतने रन बनाने की कोशिश करना है और नेट्स में अपने खेल पर कड़ी मेहनत करना है। यदि आपके कंधे पर (चयनकर्ताओं द्वारा) थपथपाया जाता है, तो आपके कंधे पर थपथपाया जाता है। विदेश में वार्नर का अंतिम टेस्ट उनके लिए अंग्रेजी धरती पर अपना पहला टेस्ट शतक बनाने का अवसर होगा। उन्होंने अब तक एक कमजोर श्रृंखला का सामना किया है जिसमें उन्होंने आठ पारियों में 25.12 की औसत से 201 रन बनाए हैं, जिसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है।

## टी20 में 7 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने सयाजरुल इद्रस




**एजेंसी। कुआलालम्पुर।**

मलेशिया के तेज गेंदबाज सयाजरुल इद्रस बुधवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय में सात विकेट (7/8) लेने वाले पहले गेंबाज बन गए। उन्होंने यहां बेयूमास ओवल में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 एशिया क्षेत्रीय क्वालीफायर बी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चीन के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। इद्रस ने अपने सभी सात विकेट बल्लेबाजों को बोल्ड कर लिए। उन्होंने पुरुषों की टी20ई में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के पीटर अहो के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। नाइजीरिया के लिए खेलते हुए अहो ने 2021 में सिएरा लियोन के खिलाफ 5 रन देकर 6 विकेट लिए थे। बता दें कि कुल 12 गेंदबाजों ने इससे पहले पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय में छह विकेट लिये हैं, इनमें भारत के दीपक चाहर और युजवेंद्र चहल, ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एश्टन एगर और श्रीलंका के स्पिनर अजंता मेंडिस शामिल हैं। इद्रस के सनसनीखेज गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर मलेशिया ने चीन पर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इद्रस के शानदार गेंदबाजी की बदौलत चीन की टीम 12वें ओवर में सिर्फ 23 रन पर आउट हो गई। जवाब में मलेशिया ने दो जल्दी विकेट खो दिए और पांचवें ओवर में जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया, जिससे उन्हें अगले साल यूएसए और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप से पहले आयोजित होने वाले क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए सही शुरूआत मिल गई। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम नवंबर में नेपाल में एशिया रिजनल फाइनल में पहुंचेगी, जिसमें उस इवेंट की दो प्रमुख टीमें 2024 में टी-20 विश्व कप के लिए होने वाले फाइनल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में प्रवेश करेंगी।

## संन्यास के बारे में कोई विचार नहीं : एंडरसन



**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड के लिए टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि एशेज 2023 श्रृंखला के समापन के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बारे में उनका कोई विचार नहीं है। अब तक तीन एशेज टेस्ट खेलने में एंडरसन ने केवल चार विकेट लिए हैं और गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट के दौरान वह 41 साल के हो जाएंगे। दस या 15 साल पहले बहस इस बात पर होती थी कि क्या मुझे हटा दिया जाना चाहिए। अब यह मेरे भविष्य के बारे में है। मैं इसे समझता हूं। यह ओवल है, एक श्रृंखला का अंत है और अटकलों का समय है।" द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में एंडरसन ने लिखा, "मैं कोच और कप्तान से बात करता रहता हूं। वे मुझे अपने साथ चाहते हैं, इसलिए जब तक मैं भूखा हूं, काम करना चाहता हूं तब तक मैं टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता रहूंगा। इस समय मैं बिल्कुल यहीं हूं।" उन्होंने कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट खेलना उतना ही पसंद है जितना पहले था और इंग्लैंड के क्रिकेटर के रूप में यह मेरा पसंदीदा समय है। बस इस समूह के आसपास रहना, हम कैसे खेलते हैं और मैदान पर कैसे आनंद लेते हैं। संन्यास के बारे में कोई विचार नहीं है।

## मैसी के 'डबल' से इंटर मियामी ने अटलांटा युनाइटेड को हराया




**एजेंसी। वाशिंगटन (यूएसए)**

स्टार स्ट्राइकर लियोनल मैसी ने दो गोल किए और एक गोल में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने यहां अटलांटा यूनाइटेड को 4-0 से हराकर लगातार दूसरी लीग कप जीत हासिल की। मंगलवार की रात को खेले गए मुकाबले में मेजबान टीम आठवें मिनट में आगे हो गई जब मैसी ने सर्जियो बसक्वेट्स के ऊंचे पास पर दौड़ लगाई और उनका पहला प्रयास पोस्ट से टकरा गया लेकिन रिबाउंड पर उन्होंने गोल दाग दिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैसी ने इसके बाद रॉबर्ट टेलर के साथ मिलकर काम किया, जिनके क्रॉस ने 36 वर्षीय फारवर्ड को अपना दूसरा गोल करने की अनुमति दी। मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) टीम जबरदस्त फॉर्म में दिखाई दे रही थी। टेलर, जिन्होंने मैसी के साथ लगभग टेलीपैथिक समझ दिखाई, ने पहली बार एक कठिन कोण से प्रयास के साथ इसे 3-0 कर दिया, और अर्जेंटीना विश्व कप विजेता के साथ शुरू हुए मूव को समाप्त कर दिया। फि नलैंड के अंतरराष्ट्रीय विंगर टेलर ने जवाबी हमले में मैसी के पास को पकड़ कर और एंगल शॉट लगाकर 4-0 की शिकस्त पूरी की। मैसी ने अब इंटर मियामी के लिए अपने पहले दो मैचों में तीन बार स्कोर किया है, जिसमें वह इस महीने की शुरूआत में मुफ्त ट्रांसफर पर शामिल हुए थे।

इंटर मियामी ने लीग्स कप की शानदार शुरूआत की है, जो एमएलएस और मैक्सिको के लीगा एमएक्स क्लबों के बीच एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है।

क्रिकेट मैच | वेस्टइंडीज का लक्ष्य नई शुरूआत करना

# भारत ने विश्व कप की तैयारी फिर से शुरू की




**एजेंसी। ब्रिजटाउन**

पुरुष एकदिवसीय विश्व कप शुरू होने में सिर्फ दो महीने से अधिक का समय बचा है, भारत गुरुवार से शुरू होने वाली श्रृंखला के पहले मैच में वेस्टइंडीज का सामना करते हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए अपनी तैयारी को फिर से शुरू करने और बेहतर बनाने का लक्ष्य रखेगा। भारतीय टीम के कई नियमित खिलाड़ी अभी भी विभिन्न प्रकार की चोटों से उबरने की राह पर हैं, वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और उमरान मलिक जैसे खिलाड़ियों के लिए घरेलू एकदिवसीय विश्व कप खेलने के लिए अपना दावा मजबूत करने का मौका पेश करती है। श्रेयस अय्यर के बाहर होने से, मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में शून्य की हैट्रिक दर्ज करने के बावजूद सूर्यकुमार यादव को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका दिए जाने की संभावना है। केएल राहुल की अनुपस्थिति में, जो दाहिनी जांघ की चोट से उबरने की राह पर हैं, इशान किशन और संजू सैमसन प्लेइंग इलेवन में विकेटकीपर के स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन पिछले साल चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ अपने सनसनीखेज दोहरे शतक के बाद वनडे मंच पर आग नहीं लगा पाए हैं। दूसरी ओर, सैमसन ने वनडे में मिले छिटपुट मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके पास कैरेबियन में लगातार तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने का मौका है।

हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा के एकादश में खेलने की उम्मीद के साथ, भारत को दूसरे स्पिनर के रूप में कलाई-स्पिन जोड़ी कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल के बीच चयन करना होगा। भारत को यह भी देखना होगा कि क्या मलिक, जिन्होंने टी20 की तुलना में वनडे में बेहतर प्रदर्शन किया है, मोहम्मद सिराज के साथ एक्स-फैक्टर पेस-बॉलिंग विकल्प हो सकते हैं, जयदेव उनादकट या मुकेश कुमार तीसरे पेसर होंगे।

दूसरी ओर, जिम्बाब्वे में क्वालीफायर में हार के कारण इस साल के एकदिवसीय विश्व कप के लिए बस चूकने के बाद वेस्टइंडीज इस प्रारूप में फिर से मजबूत होने के लिए इस श्रृंखला को एक नई शुरूआत के रूप में मान रहा होगा।

शाई होप और ब्रैंडन किंग बल्ले से अग्रणी होंगे, शिमरॉन हेटमायर की वापसी से टीम को काफी प्रोत्साहन मिलेगा। हेटमायर ने जुलाई 2021 के बाद से वेस्टइंडीज के लिए वनडे मैच नहीं खेला है लेकिन भारत के खिलाफ उनका औसत 45.45 है। जेसन होल्डर, कीमो पॉल और निकोलस पूरन की अनुपस्थिति में, उम्मीद है कि गुडाकेश मोती, यानिक कारिया, एलिक अथानाज और जेडेन सील्स जैसे खिलाड़ियों को आजमाया जाएगा।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक और मुकेश कुमार।

**वेस्टइंडीज:** शाई होप (कप्तान), रोवमैन पॉवेल (उप-कप्तान), एलिक अथानाज, यानिक कारिया, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरॉन हेटमायर, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिंक्लेयर, ओशाने थॉमस।

